दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

● नई दिल्ली। सोमवार 24 नवम्बर-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 336 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

# 27 नवंबर को गाजियाबाद आएंगे सीएम योगी आदित्यनाथ

## पुलिस-प्रशासन सतर्क, सुरक्षा व्यवस्था की शुरू हुई प्लानिंग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगामी 27 नवंबर को गाजियाबाद पहुंच सकते हैं।

उनके संभावित आगमन को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री मुरादनगर के बसंतपुर सैतली स्थित तरुण सागरम तीर्थ जैन मंदिर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहां 26 से 30 नवंबर तक पांच दिवसीय भगवान जन्म कल्याणक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी दौरान 27 नवंबर को मंदिर परिसर में बने नवनिर्मित गुफा मंदिर का उद्घाटन कार्यक्रम निर्धारित है, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।



## प्रशासन और पुलिस ने संभाली कमान

करंट क्राइम : मुख्यमंत्री के दौरे की संभावनाओं के चलते सुरक्षा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। सूत्रों के मुताबिक डीसीपी ग्रामीण जोन, एसीपी स्तर के अधिकारी, स्थानीय पुलिस टीमों ने कार्यक्रम स्थल पर प्रारंभिक निरीक्षण कर सुरक्षा प्रोटोकॉल की समीक्षा की है। पुलिस अधिकारियों को रूट प्लानिंग, कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा, पार्किंग व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण को लेकर आवश्यक दिशा-

शेष, पृष्ठ 6




### जी20 में 20 ग्लोबल लीडर्स से मिले पीएम मोदी, कहा-
# एआई के गलत इस्तेमाल पर रोक जरूरी

**जोहान्सबर्ग।** पीएम मोदी ने जोहान्सबर्ग में हो रहे जी20 समिट के दौरान दुनिया के 20 ग्लोबल लीडर्स से मुलाकात की। इनमें इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों समेत कई बड़े अंतरराष्ट्रीय नेता शामिल रहे। कुछ देर में मोदी मेलोनी के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे।



इससे पहले मोदी ने रविवार को समिट के तीसरे सेशन में दुनिया को एआई के गलत इस्तेमाल को लेकर चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि इससे दुनिया को बहुत बड़ा नुकसान हो सकता है, इसलिए सभी देशों को मिलकर इसके लिए मजबूत नियम-कानून बनाने चाहिए।

मोदी ने कहा कि एआई पर एक ग्लोबल कॉम्पैक्ट (यानी अंतरराष्ट्रीय समझौता) होना जरूरी है। इसमें तीन चीजें सबसे जरूरी होंगी। निगरानी, सुरक्षा और पारदर्शिता।

उन्होंने खास तौर पर चेतावनी दी कि डीपफेक वीडियो-ऑडियो, अपराध और आतंकवाद में एआई का इस्तेमाल बहुत खतरनाक है। मोदी ने कहा कि अगर अभी कदम नहीं उठाए गए, तो एआई का गलत इस्तेमाल समाज के लिए बड़ी समस्या बन सकता है। इसलिए समय रहते पूरी दुनिया को एकजुट होकर कार्रवाई करनी चाहिए।

**मोदी-रामफोसा की द्विपक्षीय बैठक, टेक्नोलॉजी, स्किल डेवलपमेंट पर चर्चा :** पीएम मोदी ने रविवार को जी20 शिखर सम्मेलन से इतर साउथ अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा के साथ द्विपक्षीय बैठक की।

इससे पहले मोदी ने बताया था कि, कल जी20 शिखर सम्मेलन की बैठक अच्छी रही। उन्होंने कहा, 'मैंने दो सत्रों में भाग लिया और प्रमुख मुद्दों पर अपने विचार साझा किए।'

मोदी ने एक्स पर बताया कि, 'जोहान्सबर्ग में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति रामफोसा के साथ शानदार बैठक हुई। हमने भारत-दक्षिण अफ्रीका साझेदारी के सभी पहलुओं की समीक्षा की, विशेष रूप से ट्रेड, कल्चर, इंवेस्टमेंट और टेक्नोलॉजी, स्किल डेवलपमेंट, एआई, रेयर अर्थ मेटल में सहयोग में विविधता लाने पर।' इसके साथ ही मोदी ने जी20 की सफल अध्यक्षता के लिए राष्ट्रपति रामफोसा को बधाई दी।

# राम कथा में उमड़ा जनसैलाब, दिग्गज नेताओं की मौजूदगी से गाजियाबाद में दिखा भक्ति का अद्भुत स्वरूप

### मंच पर डॉ. कुमार विश्वास के साथ भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल सहित केंद्रीय राज्य मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों की मजबूत उपस्थिति

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** डॉ. कुमार विश्वास की 'अपने-अपने राम कथा' में आज गाजियाबाद पूरी तरह राम नाम की भक्ति में सराबोर दिखाई दिया। कथा स्थल पर हजारों श्रद्धालुओं के साथ राजनीतिक, धार्मिक और सामाजिक जगत की प्रमुख हस्तियों ने पहुंचकर आयोजन की गरिमा को और ऊँचा किया। कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल की उपस्थिति सबसे अधिक चर्चित रही। उनके साथ केंद्रीय राज्य मंत्री इछ वर्मा, कैबिनेट मंत्री सुनिल कुमार शर्मा, राज्य मंत्री कुंवर बृजेश सिंह, राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर, सांसद सतीश गौतम, पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, विधायक संजय शर्मा, और टछउ अश्वनी त्यागी मंच पर मौजूद रहे। धार्मिक जगत से पुंडरीक जी महाराज और कमला बहन ने कथा के आध्यात्मिक वातावरण को और ऊँचाई दी।

स्थानीय नेतृत्व में जिला अध्यक्ष नरेश तोमर, जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर, पूर्व मेयर आशा शर्मा, निवर्तमान जिला अध्यक्ष उमेश राणा, अभिषेक शर्मा (संयोजक–विकास मंच), अजीत तोमर, मंजू दिलेर सहित कई प्रमुख चेहरे मौजूद रहे। इसके अलावा अंकुर अग्रवाल, संदीप गोयल, संदीप सिंघल, दिव्याश सिंघल, प्रदीप सिंघल, संजय सिंघल, कैलाशी अश्वनी अग्रवाल, सचिन कसल, अमित, आशीष मित्तल, मनीष माहेश्वरी, सचिन पुण्डीर, अमित टांक, नितेश तोमर और गुड्डू प्रजापति सहित बड़ी संख्या में राम भक्तों ने कथा में सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वागेश दिनकर ने किया, जिन्होंने मंच को अनुशासित और प्रभावी ढंग से संभाला। पूरे आयोजन में भजन, कथा और श्रद्धा का ऐसा वातावरण रहा, जिसने गाजियाबाद को एक विशाल आध्यात्मिक उत्सव का रूप दे दिया।












# नमो भारत ट्रेन का कमाल...अब डिस्को पार्टी और धमाल
## बर्थडे, प्री वेडिंग शूट और एनिवर्सिरी कर सकते हैं सेलिब्रेट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** अब नमो भारत ट्रेन यात्रियों को सिर्फ तेज सफर ही नहीं, बल्कि खास पलों को यादगार बनाने का मौका भी देगी। एनसीआरटीसी ने देश की पहली सेमी हाई-स्पीड रीजनल रेल नमो भारत में जन्मदिन, एनिवर्सरी, प्री-वेडिंग शूट या किसी भी खुशी के मौके को सेलिब्रेट करने की सुविधा शुरू की है।

इसके लिए स्टेशन पर खड़ी ट्रेन का कोच 5,000 रुपये प्रति घंटा, जबकि चलती ट्रेन का कोच 8,000 रुपये प्रति घंटा किराए पर उपलब्ध होगा।

160 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली ट्रेन अब यादों की बनेगी, साथ ही इस अनोखी सुविधा के तहत कोई भी व्यक्ति, इवेंट आयोजक या फोटोग्राफी टीम ट्रेन के कोच को पहले से बुक कर सकती है। दुहाई डिपो में एक मॉक-अप कोच भी शूट या प्री-वेडिंग के लिए उपलब्ध है।

### 20 हजार रुपये सिक्योरिटी और सुरक्षा व्यवस्था



करंट क्राइम : कोच बुक कराते समय 20,000 रुपये सिक्योरिटी मनी जमा करनी होगी। आयोजन के बाद अगर ट्रेन को कोई नुकसान नहीं पहुंचा तो यह राशि पूरी वापस लौटाई जाएगी। साथ ही आयोजन के दौरान सुरक्षा के लिए एनसीआरटीसी स्टाफ और सुरक्षाकर्मी मौजूद रहेंगे। यह सुविधा फिलहाल आनंद विहार, गाजियाबाद और मेरठ साउथ स्टेशनों पर उपलब्ध है। बुकिंग और शर्तों की जानकारी एनसीआरटीसी की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

### सुबह 6 से 11 बजे तक कर सकते हैं आयोजन

करंट क्राइम : सजावट (डेकोरेशन) के लिए बुकिंग से 30 मिनट पहले और बाद में अतिरिक्त समय मिलेगा। वहीं आयोजन सुबह 6 बजे से रात 11 बजे तक बिना परिचालन में बाधा पहुंचाए किए जा सकेंगे। कोच का हाई-टेक इंटीरियर और हाई-स्पीड ट्रेन का एहसास समारोह को खास बनाएगा। पहले भी फिल्म और डॉक्यूमेंट्री के लिए किराए पर दी गई थी सुविधा, इससे पहले एनसीआरटीसी ने फिल्म, डॉक्यूमेंट्री और कमर्शियल शूट के लिए स्टेशन और ट्रेन किराए पर देने की नीति लागू की थी। हाल ही में आयोजित फिल्म प्रतियोगिता में युवाओं ने नमो भारत के आधुनिक डिजाइन की खूब सराहना की। फिलहाल नमो भारत ट्रेन दिल्ली के न्यू अशोक नगर से लेकर मेरठ साउथ स्टेशन तक संचालित हो रही है। वहीं 27 जून से दिल्ली सराय काले खां से मोदीपुरम तक ट्रायल रन जारी है।

### कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने 100 पार्षदों में बताया किसे नंबर वन पार्षद, कहा-
# सभी ऐसे हों तो ना आना पड़े मुझे लखनऊ से गाजियाबाद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का अपना एक ऐसा जलवा है कि वो सबसे बड़ी विधानसभा में सबसे बड़ा नेटवर्क रखते हैं। उनकी खूबी यही है कि वो राजनीति में अपना दिल बड़ा रखते हैं। प्रशंसा करने से नहीं चूकते हैं और सार्वजनिक रूप से वो तारीफ करते हैं, मनोबल बढ़ाते हैं। एक ऐसे ही कार्यक्रम में उन्होंने नगर निगम के 100 पार्षदों के बीच से एक ऐसे पार्षद का नाम लिया और उन्हें नंबर वन पार्षद बताया। उन्होंने शशि खेमका का नाम लिया और उन्हें नंबर वन बताया। एक कार्यक्रम में रविवार को कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि वैसे तो मेरे सभी पार्षद प्रिय हैं लेकिन एक पार्षद ऐसे हैं जिनका कोई जवाब नहीं है। यहां उन्होंने पार्षद शशि खेमका का नाम लिया और उनकी खूबियां भी गिना दीं। कहा कि ये कभी किसी से लड़ते भी नहीं और कहा कि काम निकालने में ये माहिर हैं। इसके बाद कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा पार्षद की प्रशंसा करते नहीं रूके और उन्होंने आगे बढ़कर कहा कि अगर सभी पार्षद शशि खेमका जैसे हो जायें तो मुझे लखनऊ से गाजियाबाद ही ना आना पड़े। हालांकि कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने यह कहने के बाद अपने प्रशंसा के शब्दों को बेलेंस किया और ये भी कहा कि वैसे तो सभी लोग मेहनत करते हैं। मगर शशि खेमका कुछ ज्यादा मेहनत करते हैं।




# 2003 की जानकारी न होने पर भी भरें गणना प्रपत्र : जिला निर्वाचन अधिकारी की अपील

### प्रपत्र मिलते ही तुरंत जमा करें, किसी दस्तावेज की अभी आवश्यकता नहीं

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान सूची पुनरीक्षण के दौरान नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि गणना प्रपत्र की अंतिम तिथि का इंतजार न करें। प्रपत्र प्राप्त होते ही उसे भरकर तुरंत अपने बीएलओ को जमा कराएं। अधिकारी ने स्पष्ट किया कि अभी गणना प्रपत्र के साथ किसी भी प्रकार के दस्तावेज देने की आवश्यकता नहीं है। यदि 2003 की जानकारी उपलब्ध नहीं है, तब भी नागरिक अपने व्यक्तिगत विवरण वाले



कॉलम भरें, हस्ताक्षर करें और प्रपत्र बीएलओ को सौंप दें। जिला प्रशासन ने कहा कि समय पर प्रपत्र जमा करने से वोटर लिस्ट को अधिक सटीक और अद्यतन बनाने में मदद मिलेगी, इसलिए सभी मतदाताओं से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा है।

# केंद्र-राज्य की कार्यप्रणाली का अंतर और जनसमस्याओं के समाधान में प्रदेश व्यवस्था की निर्णायक भूमिका : बालेश्वर त्यागी



**बालेश्वर त्यागी के लेख 'संविधान के अनुसार केंद्र-राज्य की कार्यप्रणाली का अंतर...' की पाँच प्रमुख बातें**

**संवैधानिक कार्य-विभाजन स्पष्ट**
संविधान केंद्र, राज्य और समानान्तर सूची के विषयों को अलग-अलग परिभाषित करता है। विरोधाभास की स्थिति में केंद्र का कानून प्रभावी होता है।

**प्रदेश सरकार की सीधी पहुँच ग्रामीण इकाइयों तक**
तहसील, थाना और विभिन्न विभागों के कर्मचारियों के माध्यम से प्रदेश सरकार का आम जन से सीधे संपर्क बना रहता है, जिससे अधिकांश समस्याएँ प्रदेश स्तर पर ही निस्तारित होती हैं।

**केंद्र की भूमिका-नीति निर्माण, प्रदेश की भूमिका-क्रियान्वयन**
केंद्र सरकार अधिकांशतः नीतियाँ और वित्तीय व्यवस्था बनाती है, जबकि उनके क्रियान्वयन का मुख्य दायित्व प्रदेश सरकारों पर होता है।

**जनसमस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी तंत्र ही सरकार की लोकप्रियता का आधार**
प्रदेश में सुनवाई और समाधान की व्यवस्थाएँ जितनी व्यापक होंगी, जनता का संतोष और सरकार की लोकप्रियता उतनी ही बढ़ेगी।

**निर्वाचित प्रतिनिधि सर्वोपरि, अधिकारियों की जवाबदेही अनिवार्य**
जनता समस्याएँ लेकर विधायक, मंत्री और अधिकारियों तक जाती है। यदि संदेश जाए कि अधिकारी जनप्रतिनिधियों की नहीं सुनते, तो चुनावों में इसका गंभीर नुकसान सरकार को उठाना पड़ता है।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत के संविधान के अनुसार केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच कार्यों का स्पष्ट विभाजन होता है। संविधान में स्पष्ट उल्लेख है कि किन विभागों के कार्य राज्य सरकार के आधीन हैं और किन विभागों के कार्य केंद्र सरकार के आधीन हैं। कुछ विषय ऐसे भी हैं जिनमें दोनों प्रदेश और केंद्र को कानून बनाने का अधिकार है। अगर दोनों के बीच विरोधाभास है तो केंद्र का कानून प्रभावी माना जाएगा।

केंद्र सरकार और राज्य सरकारों की कार्यप्रणाली में अंतर होता है। प्रदेश की सबसे छोटी इकाई तक प्रदेश सरकार की सीधे पहुंच होती है। राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों के माध्यम से सीधे प्रदेश सरकार प्रत्येक व्यक्ति से जुड़ी होती है। तहसील और थाना दो व्यवस्थाओं के माध्यम से सरकार की व्यवस्थाओं का सीधे संचालन निरंतर होता है। अन्य विभागों के भी कर्मचारी विभिन्न स्तरों पर नियुक्त रहकर अपने अपने विभागों के कार्यों का संपादन करते हैं। केंद्र सरकार के केवल कुछ कार्यों जैसे डाक तार, रेलवे आदि को छोड़कर अधिकतर कार्यों का निष्पादन प्रदेश सरकार के माध्यम से होता है। इसलिएआम जन को अधिकतर कार्यों के लिए प्रदेश सरकार और उसके कर्मचारियों अधिकारियों से सरोकार होता है। अधिकतर समस्याओं के समाधान के लिए और अगर कोई कठिनाई उत्पन्न होती है तो शिकायत के लिए लेखपाल से लेकर मुख्य सचिव तक, गांव के चौकीदार से लेकर डीजीपी तक और गांव प्रधान से लेकर मुख्य मुख्यमंत्री तक अपनी समस्या के समाधान के लिए मिलना, अपनी पीड़ा कहना आवश्यक सा है। इसलिए इन सभी स्तरों पर अगर समस्याओं के सुनने और समाधान के प्रयास होते हैं तो आम जन में संतोष का भाव बना रहता है।

केंद्र सरकार की कार्य प्रणाली भिन्न है, उसके अधिकतर विभागों के कार्य सीधे प्रदेश सरकारों द्वारा ही निष्पादित किए जाते हैं। सीधे आम जन से जुड़ाव नहीं होता है। इसलिए उनमें उत्पन्न समस्या और उनके समाधान भी प्रदेश सरकार के माध्यम से ही मिलते हैं। अगर दूसरे शब्दों में कहना हो तो कह सकते हैं कि केंद्र सरकार अधिकतर नीति बनाती है और उनके वित्त की व्यवस्था करती है। उसके क्रियान्वयन का दायित्व प्रदेश सरकारें ही करती हैं।

इसलिए प्रदेश की व्यवस्था केंद्र की तरह से नहीं चल सकती है। प्रदेश नेतृत्व केंद्रीय नेतृत्व के नक्शे कदम पर नहीं चल सकता है। आम आदमी को सामान्यतः केंद्र सरकार, उनके अधिकारियों और उसके मंत्रियों से कोई काम नहीं होता है। लेकिन प्रदेश स्तर पर प्रदेश और केंद्र दोनों स्तरों की समस्याओं के लिए प्रदेश के अधिकारियों से ही संपर्क करना होता है। इस कारण प्रदेश में लोगों की समस्याओं को सुनने और उनका समाधान देने के लिए अधिक व्यापक और प्रभावी तंत्र विकसित करना आवश्यक है। प्रदेश में जनसमस्याओं को सुनने और उनके समाधान के जितने अधिक अवसर उपलब्ध होंगे उतनी ही, वह सरकार लोकप्रिय होगी। विधान सभा स्तर पर विधायक जी के माध्यम से अधिकारी जितनी सक्रियता से शिकायतों का निस्तारण करेंगे, उतनी ही सरकार की प्रशंसा होगी। अगर विधायक कहेंगे कि अधिकारी मेरी सुनते ही नहीं हैं, उतना ही सरकार और पार्टी को नुकसान होगा। चुनावों में चुने हुए प्रतिनिधियों को जनादेश मिलता है। उन्हीं को पांच वर्ष बाद फिर जनता के पास जाना होता है। इसलिए नीति के स्तर पर निर्वाचित प्रतिनिधि का अधिकार सर्वोपरि है। अधिकारी को निर्वाचित प्रतिनिधि जिसका सामूहिक प्रकटीकरण सरकार के माध्यम से होता है, के निर्णयों को कार्यान्वित करना होता है। अगर आम जन में ये संदेश चला जाय कि अधिकारी जनप्रतिनिधियों की नहीं मानते तो उसका खामियाजा चुनावों में सरकारों को उठाना पड़ता है।



# बूथ स्तर के अधिकारियों की मौत के बाद कांग्रेस ने ईसी और बीजेपी को घेरा, राहुल बोले- यह नाकामी नहीं, षड़यंत्र है



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने रविवार को विभिन्न राज्यों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में लगे कुछ बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) की मौत को लेकर भाजपा और चुनाव आयोग पर हमला किया। पार्टी ने इसे जानबूझकर दमन और नागरिकों को परेशान करने की साजिश करार दिया। विपक्षी पार्टी ने कहा कि अतिरिक्त दबाव के कारण इन अधिकारियों की मौतों को सामान्य नुकसान मानकर नजरअंदाज किया जा रहा है।

पार्टी के नेता राहुल गांधी ने कहा कि एसआईआर के नाम पर देश भर में अफरा-तफरी मचा रखी है- नतीजा? तीन हफ्तों में 16 बीएलओ की जान चली गई। दिल का दौरा, तनाव, आत्महत्या.. एसआईआर कोई सुधार नहीं, थोपा गया जुल्म है। उन्होंने कहा, चुनाव आयोग ने ऐसी प्रणाली बनाई है, जिसमें नागरिकों को खुद को तलाशने के लिए 22 साल पुरानी मतदाता सूची में हजारों स्कैन पन्ने उलटने पड़े। मकसद साफ है- ही मतदाता थककर हार जाए और वोट चोरी बिना रोक-टोक जारी रहे।

उन्होंने आगे कहा, भारत दुनिया के लिए अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर बनाता है। मगर भारत का चुनाव आयोग आज भी कागजों का जंगल खड़ा करने पर ही अड़ा है। अगर नीयत साफ होती तो सूची डिजिटल, सर्चेबल और मशीन-

**राहुल गांधी ने कहा कि एसआईआर के नाम पर देश भर में अफरा-तफरी मचा रखी है- नतीजा? तीन हफ्तों में 16 बीएलओ की जान चली गई। दिल का दौरा, तनाव, आत्महत्या.. एसआईआर कोई सुधार नहीं, थोपा गया जुल्म है।**

रीडेबल होती और चुनाव आयोग तीस दिन की हड़बड़ी में अंधाधुंध काम ठेलने के बजाय उचित समय लेकर पारदर्शिता और जवाबदेही पर ध्यान देता। कांग्रेस नेता ने कहा, एसआईआर एक सोची-समझी चाल है, जहां नागरिकों को परेशान किया जा रहा है और बीएलओ की अनावश्यक दबाव से मौतों को सामान्य नुकसान मानकर अनदेखा कर दिया गया है। यह नाकामी नहीं, षड़यंत्र है। सत्ता की रक्षा में लोकतंत्र की बलि है। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी बीजेपी पर हमला किया और कहा कि भाजपा की वोट चोरी अब जानलेवा रूप ले चुकी है। काम के भार से बीएलओ और चुनाव अधिकारी आत्महत्या करने पर मजबूर है। मेरी हर एक परिवार, जिसने अपनों को खोया है, उनको गहरी संवेदनाएं। जमीनी हकीकत के मुताबिक ये संख्या रिपोर्ट से कहीं अधिक है, जो बेहद चिंताजनक है। इन परिवारों को न्याय कौन दिलाएगा? उन्होंने कहा, भाजपा चोरी की सत्ता की मलाई खाने में व्यस्त है और चुनाव आयोग मूकदर्शक बने तमाशा देख रहा है। हड़बड़ी मेंङ्क बिना योजना के जबरन एसआईआर लागू करना नोटबंदी और कोरोना लॉकडाउन की याद दिलाता है।

सत्ता का दुरुपयोग कर संस्थानों से आत्महत्या करवाना, संविधान की धज्जियाँ उड़ाना और लोकतंत्र को दुर्बल बनाना भाजपा की सत्ता की भूख का नतीजा है। अब बस! अगर अभी भी हम नहीं जागे तो लोकतंत्र के आखरी स्तंभों को गिरने से कोई नहीं बचा सकता। जो लोग एसआईआर और वोट चोरी पर चुप हैं वो इन निर्दोष बीएलओ की मृत्यु के कसूरवार है। आवाज उठाइए, लोकतंत्र बचाइए।

पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में एक महिला बीएलओ अपने घर में पंखे से लटकी मिली। उनके परिवार ने बताया कि वह एसआईआर से जुड़े काम के कारण तनाव में थी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस मौत पर आश्चर्य जताया और कहा कि यह अब 'सच में चिंताजनक' हो गया है।

# भारत-चीन सीमा की रक्षा करेंगी महिलाएं, आईटीबीपी 10 महिला बॉर्डर चौकी बनाएगी



**नई दिल्ली।** सरकार अब भारत-चीन एलएसी पर निगरानी बढ़ाने के लिए इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस फोर्स के जवानों की तैनाती बढ़ा रही है। आईटीबीपी ही 3,488 किलोमीटर लंबी भारत-चीन एलएसी की रखवाली करती है। अब आईटीबीपी के डीजी ने एलान किया है कि भारत-चीन एलएसी पर 10 सिर्फ महिला बॉर्डर चौकी बनाई जाएंगी। आईटीबीपी ने लद्दाख में 2020 में सीमा पर सैन्य झड़प के बाद 'फॉरवर्डाइजेशन' योजना बनाई है, इसके तहत अब तक भारत के उत्तरी और पूर्वी हिस्से में आईटीबीपी अपनी 215 बॉर्डर चौकियों को भी आगे बढ़ाएगी।

## सात नई बटालियन को सरकार ने दी मंजूरी

इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस के डीजी प्रवीण कुमार ने शनिवार को जम्मू में फोर्स के 64वें स्थापना दिवस परेड के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि 'हमने फॉरवर्डाइजेशन प्लान पर काम किया है और इसके नतीजे में, फॉरवर्ड-डिप्लॉयड बॉर्डर चौकी की संख्या अब 180 के मुकाबले 215 हो गई है।' डीजी ने कहा, 'सात नई बटालियन और एक सेक्टर हेडक्वार्टर बनाने से न सिर्फ यह योजना मजबूत हुई है, बल्कि फॉरवर्ड इलाकों तक हमारी पहुंच और निगरानी भी बढ़ी है।' केंद्र ने 2023 में आईटीबीपी के लिए सात और बटालियन और लगभग 9,400 जवानों वाला एक सेक्टर ऑफिस मंजूर किया था।

**एक लाख से ज्यादा जवानों वाली आईटीबीपी की बॉर्डर पोस्ट 9,000 फीट से 14,000 फीट की ऊंचाई पर हैं, जो खराब मौसम और ऑक्सीजन के कम लेवल से प्रभावित होती हैं।**

डीजी ने कहा कि फोर्स आने वाले समय में भारत-चीन लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल पर ऐसे 41 और फॉरवर्ड बेस बनाएगी ताकि सुरक्षा और समन्वय को मजबूत किया जा सके। महिला लड़ाकों की भूमिका बढ़ाने के हिस्से के तौर पर, आईटीबीपी लद्दाख के लुकुंग और हिमाचल प्रदेश के थांगी में दो पूरी तरह से महिला बॉर्डर चौकी बनाने की प्रक्रिया में है। डीजी ने कहा कि इस मोर्चे पर आठ और पूरी तरह से महिला बॉर्डर चौकी चालू किए जाएंगे। आईटीबीपी चीफ ने कहा कि फोर्स के सैनिकों के लिए पांच नए स्किलिंग मॉड्यूल लॉन्च किए गए हैं, जिनमें माउंटेन वॉरफेयर और टैक्टिकल सर्वाइवल जैसे सब्जेक्ट शामिल हैं। एक लाख से ज्यादा जवानों वाली आईटीबीपी की बॉर्डर पोस्ट 9,000 फीट से 14,000 फीट की ऊंचाई पर हैं, जो खराब मौसम और ऑक्सीजन के कम लेवल से प्रभावित होती हैं। 1962 में बनी यह फोर्स, केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत काम करती है।

## आरक्षण पर क्रीमी लेयर का क्या होगा भविष्य?

# सीजेआई ने सरकार के पाले में डाला बॉल रिटायरमेंट से पहले दिया बड़ा बयान



**नई दिल्ली।** रिटायरमेंट के एक दिन पहले मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने कई अहम मुद्दों पर खुलकर बात की जैसे कि आरक्षण में क्रीमी लेयर, कॉलिजियम पर आरोप, न्यायपालिका की स्वतंत्रता और अपने भविष्य को लेकर उन्होंने साफ-साफ जवाब दिए। गवई देश के दूसरे दलित उखकहैं और कल वे पद छोड़ देंगे।

सीजेआई गवई ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट पहले ही साफ कर चुका है कि एससी/एसटी आरक्षण में सब-क्लासिफेकशन लागू होना चाहिए, ताकि लाभ ज्यादा वंचित समूहों तक पहुंच सके। उन्होंने याद दिलाया कि पिछले साल जिस बेंच ने यह एतिहासिक फैसला दिया था, वे उसके सदस्य थे।

## कैसे बराबरी है संभव?

सीजेआई ने कहा, कई एससी परिवार अब काफी आगे बढ़ चुके हैं, लेकिन फिर भी वे आरक्षण का लाभ लेते रहते हैं। बराबरी तभी संभव है जब क्रीमी लेयर को चिन्हित कर बाहर किया जाए। उन्होंने उदाहरण दिया कि कुछ आईएएस अधिकारियों के बच्चे भी आरक्षण का फायदा लेते हैं। उन्होंने कहा, न्यायपालिका ने अपना काम कर दिया है, अब सरकार और संसद को नीति बनानी चाहिए ताकि एससी/एसटी में क्रीमी लेयर तय हो सके। अपने फैसले का जिक्र करते हुए उखक ने कहा था कि सच्ची समानता के लिए जरूरी है कि राज्य एससी/एसटी में क्रीमी लेयर पहचानकर उन्हें आरक्षण के दायरे से बाहर करे।

कॉलिजियम में न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर अक्सर आरोप लगते हैं कि रिश्तेदारों को तरजीह दी जाती है। इस पर सीजेआई गवई ने कहा कि ऐसे मामले कुल नियुक्तियों के 10% से भी कम होते हैं। उन्होंने कहा, अगर कोई उम्मीदवार योग्य है तो सिर्फ इसलिए उसे नहीं रोका जा सकता कि वह किसी जज रिश्तेदार है।

सीजेआई ने कहा कि एक गलत सोच यह है कि जज तभी स्वतंत्र माना जाता है जब वह सरकार के खिलाफ फैसला दे। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता किसी एक फैसले से नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की मजबूती से तय होती है। साथ ही, हाई कोर्ट जजों के ट्रांसफर पर हो रही आलोचना पर उन्होंने कहा कि यह निर्णय प्रशासनिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए लिया जाता है।

## क्या है रिटायरमेंट प्लान?

सीजेआई गवईने कहा कि रिटायरमेंट के बाद कुछ समय आराम करेंगे और फिर सामाजिक कार्यों से जुड़ेंगे, खासकर आदिवासी समुदायों के लिए काम करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वे किसी भी प्रकार का पोस्ट-रिटायरमेंट पद स्वीकार नहीं करेंगे। कल जस्टिस सूर्यकांत नए सीजेआई बनेंगे।

## वकील ने फेंका था जूता

हाल ही में एक वकील ने सुनवाई के दौरान उन पर जूता फेंका था। इस पर उन्होंने कहा, मैंने तुरंत तय किया कि कोई कार्रवाई नहीं करूंगा। माफी अपने आप आ गई। दिल्ली प्रदूषण मामले पर उन्होंने कहा कि अदालत लगातार कोशिश कर रही है और अब सरकारें लंबे समय के समाधान पर ध्यान दे रही हैं।

# एसआईआर के खिलाफ विजय की टीवीके ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

**● चुनाव आयोग का कहना है कि एसआईआर की प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी और नियमों के मुताबिक की जा रही है और यह वोटर लिस्ट को शुद्ध करने का प्रयास है।**




**तमिलनाडू।** अभिनेता से राजनेता बने विजय की पार्टी तमिलागा वेट्री कजगम (टीवीके) ने तमिलनाडु में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) करने के चुनाव आयोग (ईसीआई) के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। इससे पहले टीवीके ने राज्य में एसआईआर के खिलाफ राज्यव्यापी विरोध-प्रदर्शन किया था। टीवीके एसआईआर के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने वाली देश की उन चुनिंदा दलों में शामिल हो गई, जिन्होंने इसका विरोध किया है।

विपक्षी दलों, खासकर कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों का आरोप है कि एसआईआर की प्रक्रिया में गंभीर विसंगतियां हैं और इसका उद्देश्य कुछ खास लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटाना है, जिससे चुनावों में लाभ पहुंचाया जा सके। हाल ही में एसआईआर से जुड़े कुछ लोगों की मौत की खबरें भी आई हैं, हालांकि इन मौतों के कारणों की स्वतंत्र जांच की मांग की जा रही है। विपक्षी दलों का यह भी आरोप है कि चुनाव आयोग निष्पक्ष नहीं है और सत्ताधारी दल के पक्ष में काम कर रहा है।

इस पूरे मामले में चुनाव आयोग का कहना है कि एसआईआर की प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी और नियमों के मुताबिक की जा रही है और यह वोटर लिस्ट को शुद्ध करने का प्रयास है। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि नाम हटाने के खिलाफ कोई अपील दर्ज नहीं की गई है, जिससे यह साबित होता है कि प्रक्रिया सही थी। राजनीतिक दलों की तरफ से लगाए गए आरोपों को आयोग ने निराधार बताया है। इस पर सरकार का कहना है कि मतदाता सूची को अपडेट करना एक सामान्य प्रक्रिया है और इसमें किसी तरह का हस्तक्षेप नहीं किया जा रहा है।

### इन 12 राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण

निर्वाचन आयोग ने 27 अक्तूबर को केरल समेत 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों की शुद्धि का अभ्यास शुरू करने का एलान किया था। आयोग ने इसे एसआईआर का फेज-दो बताया है (बिहार में हुए एसआईआर को फेज-1 माना गया था)। बता दें कि एसआईआर का दूसरा चरण 4 नवंबर को शुरू हुआ और 4 दिसंबर तक चलेगा। एसआईआर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अंतिम मतदाता सूची 7 फरवरी, 2026 को प्रकाशित की जाएगी। एसआईआर का दूसरा चरण अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, पुडुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल कराया जा रहा है।

# जस्टिस सूर्यकांत का शपथ ग्रहण आज श्रीलंका से मॉरीशस तक, इन देशों के सीजेआई और जज भी होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस (सीजेआई) बीआर गवई आज रिटायर हो रहे हैं। सोमवार को न्यायमूर्ति सूर्यकांत देश के 53वें सीजेआई के रूप में शपथ लेंगे। राष्ट्रपति भवन में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में भूटान, मॉरीशस, ब्राजील समेत दुनिया के सात देशों के मुख्य न्यायाधीश और सुप्रीम कोर्ट के जज शामिल होंगे।



न्यायमूर्ति सूर्यकांत का शपथ ग्रहण समारोह ऐतिहासिक होने वाला है। क्योंकि, यह ऐसा पहला मौका है, जब किसी सीजेआई सीजेआई के शपथ ग्रहण में इतनी बड़ी संख्या में दूसरे देशों के न्यायिक प्रतिनिधिमंडल की मौजूदगी होगी।

सोमवार, 24 नवंबर को राष्ट्रपति भवन में न्यायमूर्ति सूर्यकांत भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे। इनके शपथ ग्रहण समारोह में भूटान, केन्या, मलेशिया, मॉरिशस, नेपाल और श्रीलंका के चीफ जस्टिस उनके साथ आए परिवार के सदस्य शामिल होंगे। आउटलेट बार एंड बेंच की एक रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में भूटान से लेकर श्रीलंका तक छह देशों के एक दर्जन से अधिक न्यायाधीश और मुख्य न्यायाधीश मौजूद रहेंगे। न्यायमूर्ति सूर्यकांत को सोमवार, 24 नवंबर को राष्ट्रपति भवन में शपथ दिलाई जाएगी।

# मौसम विभाग का बड़ा अलर्ट, बंगाल की खाड़ी में बन रहा साइक्लोन 'सेन्यार'

## किन-किन राज्यों में कितना होगा असर: 10 प्वाइंट्स



**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में बढ़ती ठंड के बीच मौसम विभाग ने दक्षिण के कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। क्वटऊ के अनुसार, दक्षिणी अंडमान सागर और मलक्का स्ट्रेट के पास निम्न दबाव का क्षेत्र बन रहा है, जो तेजी से डिप्रेशन का रूप धारण कर रहा है। इससे 24 नवंबर को बंगाल की खाड़ी में आगे बढ़ने की संभावना है। आईएमडी के अनुसार, पश्चिमी की तरफ बढ़ते हुए यह डिप्रेशन और भी अधिक मजबूत हो सकता है। इससे बंगाल की खाड़ी में चक्रवात की स्थिति बनेगी और कई राज्यों में भारी बारिश देखने को मिल सकती है।

### बंगाल की खाड़ी में उठ रह तूफान, 10 प्वाइंट्स में जानिए कहां-कहां होगा इसका असर

- मौसम विभाग ने एक्स पर चेतावनी जारी करते हुए बताया कि 22 नवंबर को दक्षिणी अंडमान सागर और मलक्का स्ट्रेट के पास लो प्रेशर एरिया बन रहा है।
- 24 नवंबर तक बंगाल की खाड़ी में यह और भी अधिक मजबूत हो सकता है।
- आईएमडी ने 22-25 नवंबर के बीच तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश और अंडमान एवं निकोबार द्वीप के तटीय इलाकों में भारी बारिश का अनुमान जताया है।
- खासकर आज और कल इन जगहों पर तेज बारिश देखने को मिल सकती है। इस दौरान भारी बरसात के साथ आंधी-तूफान और बिजली चमकने की संभावना है।
- अंडमान और निकोबार द्वीप- 27 नवंबर तक तेज बारिश का अनुमान। 24 और 25 नवंबर को भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना।
- तमिलनाडु- 25 नवंबर तक भारी बारिश होने का अनुमान।
- केरल और माहे- 26 नवंबर तक ज्यादातर हिस्सों में मूसलाधार बारिश का अलर्ट।
- लक्षद्वीप- 23 नवंबर को रायलसीमा समेत आसपास के इलाकों में तेज बारिश की संभावना।
- 26 नवंबर तक केरल, माहे और लक्षद्वीप में भी तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बरसात होने की संभावना है।
- अंडमान और निकोबार द्वीप पर 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी।
- चक्रवाती तूफान के कारण सभी राज्यों में हाई अलर्ट जारी किया गया है।

# भारत के साथ रिश्तों में 'मसाला' लाने की कोशिश में अफगानिस्तान

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के उद्योग और वाणिज्य मंत्री अल-हाज नूरुद्दीन अजीजी इन दिनों दिल्ली के पांच दिवसीय दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने भारत के स्पाइसेज बोर्ड के सदस्यों से मुलाकात कर मसाला कारोबार बढ़ाने, निर्यात बढ़ाने और संयुक्त निवेश जैसे मुद्दों पर चर्चा की।



अफगान मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि भारत ने अफगानिस्तान में मसाला उत्पादन फैक्ट्रियां लगाने और व्यापार को आगे बढ़ाने में दिलचस्पी दिखाई है। बैठक में दोनों देशों ने दवाइयों के आयात से जुड़े मुद्दों, मसालों की गुणवत्ता सुधार, निवेश की संभावनाओं और दवाइयों के व्यापार में आने वाली चुनौतियों पर भी बात की।

## दवा कंपनियों को समर्थन का भरोसा

अफगान मंत्रालय के अनुसार, अजीजी ने भरोसा दिया कि जो भी भारतीय दवा कंपनियां अफगानिस्तान में काम करना चाहेंगी उन्हें पूरा समर्थन दिया जाएगा। भारत के स्पाइस सेक्टर के प्रतिनिधियों ने कहा कि उनके काउंसिल में लगभग 57 मानक और विश्वस्तरीय फैक्ट्रियां सदस्य हैं।

बैठक में यह भी तय हुआ कि अफगानिस्तान के मसाला क्षेत्र के अधिकारी भारत आकर यहा की उन्नत फैक्ट्रियों का दौरा करेंगे। इसके बाद भारत का एक प्रतिनिधिमंडल काबुल जाकर दवा उत्पादन इकाइयां लगाने और निर्यात बढ़ाने की संभावनाओं का आकलन करेगा।

यह बैठक अजीजी के उच्च-स्तरीय भारत दौरे का हिस्सा है, जिसमें कई अहम मुलाकातें शामिल हैं। गुरुवार को अफगान मंत्री ने केंद्रीय वाणिज्य राज्य मंत्री जितिन प्रसाद से मुलाकात की। दोनों ने व्यापार और आर्थिक सहयोग मजबूत करने पर चर्चा की। अजीजी ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से भी मुलाकात की जिसमे व्यापार, संपर्क बढ़ाने और लोगों के बीच रिश्तों को मजबूत करने पर बातचीत हुई। यह अफगान तालिबान सरकार के नेताओं की भारत में सबसे उच्च-स्तरीय यात्राओं में से एक है।

## पाकिस्तान से दूरी बना रहा अफगानिस्तान

अजीजी ने इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर (क्कञ्जस्न) 2025 में भी हिस्सा लिया। उन्होंने क्कळ्ढड के प्रबंध निदेशक नीरज खेड़वाल से मुलाकात कर भविष्य की प्रदर्शियों में अफगानिस्तान की भागीदारी पर चर्चा की। मंत्री ने मेले में अफगान उत्पादों के स्टॉल भी देखे और भारतीय व्यापारियों से बाजार विस्तार को लेकर बात की।

हाल ही में पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर तनाव और व्यापारिक अवरोध बढ़ाने के बाद अफगानिस्तान भारत, ईरान और मध्य एशिया के साथ व्यापार बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। अफगान मंत्रालय ने कहा है कि पाकिस्तान की बार-बार की बंदिशों से बचने के लिए वे ईरान के चाबहार पोर्ट का उपयोग कर रहे हैं, ताकि व्यापार सुचारु रहे और दबाव न बढ़े।

# 'पुलिस बुला रही है', बेंगलुरु की निजी कंपनी के 4 कर्मचारियों का अपहरण, 8 किडनैपर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** बेंगलुरु के कोरमंगला इलाके से हैरान करने वाली खबर सामने आई है। जहां ग्लोबल टेलीकॉम कनेक्ट प्राइवेट लिमिटेड (इढड) कंपनी के चार वरिष्ठ कर्मचारियों को अपहरणकर्ताओं ने ह्लपुलिस बुला रही हैह्व कहकर ऑफिस बिल्डिंग के नीचे बुलाया और अगवा कर लिया। इसके बाद बदमाशों ने चारों से 18.9 लाख रुपये की फिरौती मांगी।




दरअसल, ग्लोबल टेलीकॉम कनेक्ट प्राइवेट लिमिटेड नामक बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग (बीपीओ) कंपनी में काम करने वाले चार लोगों का बदमाशों ने अपहरण कर लिया। इसके बाद उनसे पैसे की डिमांड की। एक पीड़ित से उसके रिश्तेदारों के खातों में पैसे भी ट्रांसफर करवा लिए। वहीं, पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए 24 घंटे के अंदर सभी 4 कर्मचारियों को सकुशल बचा लिया और 8 अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अपराध में इस्तेमाल की गई एक टोयोटा इनोवा और एक मारुति सुजुकी वैगन आर कार भी जब्त कर ली है।

पुलिस के अनुसार, अपहरणकर्ताओं ने बीपीओ कंपनी के कर्मचारियों से 18.9 लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। अपहरणकर्ताओं ने एक पीड़ित से फिरौती की रकम अपने रिश्तेदारों के खातों में ट्रांसफर करवा ली। पुलिस ने अपहरणकर्ताओं ने नकद राशि की भी मांग की।

मीडिया से बात करते हुए, दक्षिण पूर्व बेंगलुरु की पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) सारा फातिमा ने बताया कि हमें 112 नंबर के माध्यम से सूचना मिली। जिसके बाद मने टीमें बनाईं और उनका (अपहरणकर्ताओं का) पता लगाया, उन्हें गिरफ्तार किया और अपराध में इस्तेमाल किए गए दो वाहनों को जब्त कर लिया।

**अपहरणकर्ताओं ने बीपीओ कंपनी के कर्मचारियों से 18.9 लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। अपहरणकर्ताओं ने एक पीड़ित से फिरौती की रकम अपने रिश्तेदारों के खातों में ट्रांसफर करवा ली।**

## कैसे किया अपहरण?

डीसीपी सारा फातिमा ने बताया कि अपहरणकर्ताओं ने पीड़ितों से कहा कि पुलिस कार्यालय भवन के नीचे उनका इंतजार कर रही है। वे उन्हें (बीपीओ कर्मचारियों को) नीचे ले गए और उनका अपहरण कर लिया। पुलिस ने फिरौती के लिए अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






## पिलखुवा चेयरमैन विभु बंसल ने राम कथा में कुछ ऐसा जलवा दिखाया

# डिप्टी सीएम से लेकर राष्ट्रीय महामंत्री-सांसद-विधायक-मंत्री तक सभी का चेहरा यहां नजर आया

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** किसी भी आयोजन में सबसे अहम चीज आयोजक का मैनेजमेंट होती है। किसी भी आयोजन में एक एक कड़ी का संयोजन होता है और फिर उसी से एक सफल आयोजन होता है। पिलखुवा नगर पालिका चेयरमैन विभु बंसल ने सुप्रसिद्ध कवि डॉ कुमार विश्वास के कथा समारोह का आयोजन किया। 'अपने अपने राम' वाली ये तीन दिवसीय कथा पिलखुवा में आयोजित हुई। कथा की खूबी ये कि कथा वाचक से लेकर कथा आयोजक तक दोनों का पिलखुवा से लगाव है। डॉ कुमार विश्वास पिलखुवा के ही रहने वाले हैं और विभु बंसल पिलखुवा नगर पालिका चेयरमैन हैं। दोनों का अपना जुड़ाव और राम से ऐसा लगाव कि दोनों महान हस्तियों ने अपने अपने राम कथा के लिए स्थान ही पिलखुवा कस्बे को चुना। ये मातृभूमि से भी प्रेम है और संस्कारों का भी समावेश है। ऐसा सफल आयोजन पिलखुवा की जनता ने पहली बार देखा और इस सफल आयोजन का संदेश पिलखुवा से बाहर तक गया। आमतौर पर ये होता है कि इस तरह के बड़े कार्यक्रम कविनगर और घंटाघर जैसे बड़े मैदान में होते हैं। लेकिन ये विभु बंसल का विजन था कि उन्होंने इतने बड़े आयोजन को अपनी पोलीटिक्ल कर्मस्थली पर किया। तीन दिन तक ये आयोजन चला और



जिसने भी इस आयोजन में हिस्सा लिया वो यही कहता नजर आया कि बेहद सफल और बेहद धार्मिक कार्यक्रम रहा। विभु बंसल ने इस कार्यक्रम से अपने मैनेजमेंट कौशल का परिचय दिया और इस मंच से उन्होंने ये भी संदेश दिया कि भगवा राजनीति में उनकी पकड़ कहां तक है। तीन दिन के इस आयोजन में वो कौन सा चेहरा है जो इस कार्यक्रम में नहीं आया। यहां पर लगभग सभी प्रमुख चेहरे आये और रामकथा में हिस्सा लिया। सबसे बड़ी बात ये कि एक आयोजक के तौर पर पिलखुवा नगर पालिका चेयरमैन विभु बंसल ने एक-एक अतिथि का ध्यान रखा। एक-एक अतिथि को मंच पर विशेष रूप से सम्मानित किया। अपने संबंधों का एहसास उन्होंने कराया। विभु बंसल की अपने अपने राम कथा महोत्सव में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल आये। कमला बहन, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, केन्द्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा पहुंचे। यूथ आईकॉन युवा भाजपा नेता नीरज सिंह आये। यहां रामकथा सुनने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह, राज्यमंत्री सुमेन्द्र तोमर, सांसद सतीश गौतम, शहर विधायक संजीव शर्मा, एमएलसी अश्वनी त्यागी, जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया, गढ़ विधायक हरेन्द्र तेवतिया, धौलाना विधायक धर्मेश तोमर, पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, पूर्व मेयर आशा शर्मा सहित कई ऐसे चेहरे शामिल रहे हैं जो भाजपा की राजनीति के बड़े चेहरे माने जाते हैं। जाहिर है कि 'अपने अपने राम' से पिलखुवा चेयरमैन विभु बंसल ने अपनी सियासी ताकत का बड़ा संदेश दिया है। वो राजनीतिक जगत में एक मैसेज देने में सफल रहे हैं और यहां उन्होंने संघ की आईडियोलॉजी और भाजपा की विचारधारा, दोनों के बीच सम्यक संतुलन साधा है। वो राष्ट्रवाद के संदेश के साथ सनातन का संदेश पिलखुवा की जमीन से दे रहे हैं। एक अच्छे आयोजक और एक अच्छे मेजबान के रूप में वो अपनी पहचान बना पाने में सफल रहे हैं। एक बहुत बड़ा आयोजन उन्होंने बड़ी आसानी से कर दिखाया है। 'अपने अपने राम' वाली कथा के मंच पर उन्होंने भाजपा सरकार के बड़े चेहरों से लेकर स्थानीय राजनीति के सितारों को खूबसूरती से सजाया है। आयोजन निसंदेह सफल रहा है।

# किस पूर्व विधायक ने कर लिया है खुद के सियासी विजन को धौलाना और लोनी पर फोकस



**सूत्र बताते हैं कि एक पूर्व विधायक इस समय चुनावी तैयारियों में लग गये हैं। खास बात ये है कि अब उन्होंने अपने सियासत के विजन को ईधर से हटाकर उधर कर दिया है। ये पूर्व विधायक सियासत के मास्टर माने जाते हैं। ये ऐसे पूर्व विधायक हैं जिनके पास अपना एक बड़ा जनाधार है।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में असली खिलाड़ी वही होता है जो ईयर के साथ गेयर बदलता है। सियासत के मौसम का मिजाज भांपता है और फिर उसी हिसाब से अपनी चाल बदल देता है। राजनीति सरगर्मी का दौर बढ़ रहा है और जो चुनाव के खिलाड़ी हैं वो जानते हैं कि अभी से तैयारी करेंगे तो दावेदारी भी होगी और टारगेट बनायेंगे तो उम्मीदवारी भी होगी। चुनाव आयेगा तो दावेदारी का घमासान होगा, लेकिन हम आपको बता दें कि इस बार कुछ खिलाड़ी ऐसे हैं जो मैदान बदलेंगे और वो रण में तो रहेंगे लेकिन उनका अलग मैदान होगा। पंचायत चुनाव के बाद एमएलसी चुनाव और फिर उसके बाद विधानसभा चुनाव की रणभेरी बज जायेगी। चुनाव चाहे वार्ड का हो, जिला पंचायत का हो या फिर विधानसभा का हो वो अग्रिम तैयारी मांगता है। चुनाव के लिए पहले जनता के बीच खुद को चुनावी फेस के रूप में साबित करना होता है। उसके बाद जनता के बीच अपना बेस बनाना होता है। फिर अपने फेस और अपने बेस को लेकर नेता चुनावी रेस में दौड़ना शुरू करता है। सूत्र बताते हैं कि एक पूर्व विधायक इस समय चुनावी तैयारियों में लग गये हैं। खास बात ये है कि अब उन्होंने अपने सियासत के विजन को ईधर से हटाकर उधर कर दिया है। ये पूर्व विधायक सियासत के मास्टर माने जाते हैं। ये ऐसे पूर्व विधायक हैं जिनके पास अपना एक बड़ा जनाधार है। खुद की बिरादरी का सपोर्ट मिलता है और ये पीआर के भी कुशल खिलाड़ी हैं। चुनाव लड़ना जानते हैं। सूत्र बताते हैं कि इन वाले पूर्व विधायक ने अब एक नये समीकरण के साथ धौलाना और लोनी पर फोकस करना शुरू कर दिया है। वो अपना ही समीकरण लेकर चल रहे हैं और उन्हें इस बात की पूरी उम्मीद है कि उनकी पार्टी उन्हें ही उम्मीदवार बनायेगी। वो तो अब केवल अपने चुनावी सितार के हर तार को ठीक कर रहे हैं।

इन पूर्व विधायक को ये लग रहा है कि धौलाना या लोनी सीट उन्हें रास आयेगी। वो इस पर फोकस कर रहे हैं और जैसे जैसे समय बितेगा वैसे वैसे विपक्ष वाले इन पूर्व विधायक की एक्टिविटी लोनी और धौलाना में बढ़ने लगेगी। पूर्व विधायक मजबूत नेता हैं और चुनाव लड़ने की और चुनावी चक्रव्यू को भेदने की क्षमता रखते हैं।

# शर्मनाक : कैंसर की एक्सपायरी दवाओं का कारोबार करने वाले गिरफ्तार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद में पुलिस, क्राइम ब्रांच और औषधि विभाग की संयुक्त टीम ने कैंसर



की महंगी दवाओं की तस्करी और एक्सपायरी दवाओं की सप्लाई करने वाले गैंग का पदार्फाश किया है। आरोपियों के कब्जे से लाखों रुपये की दवाएं, करीब नौ लाख रुपये नकद और एक एक्सयूवी वाहन बरामद किया गया है। बताया जा रहा है कि बरामद दवाओं में कई ऐसी दवाएं भी शामिल हैं जो मई 2025 में एक्सपायर हो चुकी थीं, बावजूद इसके इन्हें बाजार में बेचकर भारी मुनाफा कमाया जा रहा था। एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह ने बताया है कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में विश्वास त्यागी, आकाश शर्मा और प्रिंस त्यागी शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक यह गिरोह कैंसर की दवाओं की कालाबाजारी, फर्जी बिलिंग और राज्यों के बीच सप्लाई चेन तैयार कर तस्करी कर रहा था।




### कई राज्यों में था नेटवर्क, फर्जी बिलों से होता था कारोबार

करंट क्राइम : क्राइम ब्रांच से मिली जानकारी व पूछताछ में विश्वास त्यागी ने खुलासा किया है कि इस पूरे अवैध कारोबार में फर्जी बिलों का इस्तेमाल किया जा रहा था। दवाओं की खरीद-बिक्री के लिए वह गाजियाबाद और दिल्ली स्थित फर्जी फर्मों केयर फूड, गाजियाबाद, आरबी एंटरप्राइजेज, चावड़ी बाजार नोवीटा फार्मा, ओखला से कागजात तैयार करता था। इसके बाद इन्हीं दवाओं के फर्जी विक्रय बिल उसकी फर्म मेडिसिन हब के नाम से विभिन्न औषधि प्रतिष्ठानों को जारी किए जाते थे। सूत्रों के अनुसार इन दवाओं की सप्लाई कभी पंजाब, कभी दिल्ली तो कभी उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों में की जा रही थी।

### क्राइम ब्रांच की लगातार कार्रवाई, दवा माफियाओं पर सख्ती



करंट क्राइम : बीते एक महीने में गाजियाबाद क्राइम ब्रांच ने एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह के नेतृत्व में एक के बाद एक बड़ी कार्रवाई की है। तो वहीं क्राइम इंस्पेक्टर में नकली कफ सिरप निर्माण और सप्लाई करने वाले नेटवर्क का भी भंडाफोड़ किया गया था। अब टीम ने औषधि विभाग की मदद से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की दवाओं के अवैध कारोबार में शामिल गिरोह को पकड़कर बड़ा खुलासा किया है।

# पुराने समाजवादी नजर नहीं आए नेताजी की जयंती पर संगठन से लेकर कुर्सी संभालने वाले भी रहे नदारद

### - सपा में बढ़ती दूरी और गुटबाजी पर उठे सवाल

**गाजियाबाद , करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनावी माहौल तेजी पकड़ रहा है और समाजवादी पार्टी भी रणनीति और संगठन मजबूत करने में जुटी है। लेकिन गाजियाबाद में पार्टी के अंदर हालात कुछ और कहानी बयां कर रहे हैं। पार्टी के बड़े कार्यक्रमों में पुरानी सपा की पहचान रहे नेता नदारत नजर आ रहे हैं।

शनिवार को समाजवादी पार्टी के संस्थापक व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती पर महानगर और जिला इकाई की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके बावजूद बड़ी संख्या में वे चेहरे गायब रहे जो




कभी लोकसभा, विधानसभा और मेयर चुनाव तक लड़ चुके हैं। हालांकि कार्यक्रम में पूर्व एमएलसी राकेश यादव सहित कुछ पदाधिकारी मौजूद रहे, लेकिन अपेक्षित भीड़ न दिख पाने से कार्यकताओं में निराशा देखी गई। सूत्र बताते हैं कि नेताओं की संख्या कार्यक्रम में सैकड़ों तक भी नहीं पहुंच पाई।

### कार्यालय, भंडारे और फल वितरण में दिखे अलग-अलग चेहरे

करंट क्राइम : नेताजी के जन्मदिन पर सपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम, भंडारा और फल वितरण में वही चेहरों की मौजूदगी दिखी जो पिछले कुछ महीनों में सक्रिय रहे हैं। सूत्रों की मानें तो जिले और महानगर स्तर पर टिकट की दावेदारी रखने वाले कई नेता इस कार्यक्रम में नदारत रहे। कुछ पुराने नेता कुछ मिनट के लिए पहुंचे और फिर चुपचाप निकल गए। एक कार्यकर्ता ने नाम न छापने की शर्त पर कहा जो लोग टिकट और पद की राजनीति में आगे रहते हैं, वे जमीनी कार्यक्रमों में कम दिख रहे हैं। इससे संगठन कमजोर हो रहा है।

### संगठन में गुटबाजी, आने वाला समय बना चुनौती

करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी के सूत्रों के अनुसार, समाजवादी पार्टी में बढ़ती गुटबाजी और निष्क्रियता भविष्य में चुनौती साबित हो सकती है। खासकर वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों में यह स्थिति टिकट वितरण और चुनावी मजबूती पर असर डाल सकती है। कभी पार्टी की सरकार में दमदार मौजूदगी रखने वाले नेता जो आंदोलन से लेकर भीड़ जुटाने में आगे रहते थे, आज दूरी बनाए हुए हैं। हालांकि महानगर और जिला अध्यक्ष लगातार छोटे-बड़े कार्यक्रमों के माध्यम से पार्टी को मजबूती देने और नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन मौजूदा समीकरण संकेत दे रहे हैं कि यदि हालात ऐसे ही रहे तो चुनाव के बाद अंदरूनी तनातनी और समस्याएं बढ़ सकती हैं। वहीं समाजवादी पार्टी गाजियाबाद को एक बार फिर पुराने चेहरों को सक्रिय करना होगा और एकजुटता दिखानी होगी, वरना चुनावी जमीन पर चुनौती और मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

# अब आधुनिक रूप में दिखेगा महिला थाना व लोकल इंटेलीजेंस परिसर

## आज एडीजी भ्रष्टाचार निवारण संगठन करेंगे उद्घाटन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बुनियादी सुविधाओं और कार्य वातावरण को बेहतर बनाने की दिशा में बड़े बदलाव किए जा रहे हैं।

महिला थाना परिसर, लोकल इंटेलीजेंस कार्यालय, क्राइम ब्रांच और पुलिस लाइन सहित कई कार्यालयों को नए स्वरूप में अपग्रेड किया गया है। पिछले कुछ हफ्तों में इन स्थानों पर नया फर्नीचर, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और परिसर की छतों का पुनर्निर्माण किया गया है। पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड ने बताया कि यह कदम




पुलिसकर्मियों और आने वाले फरियादियों को बेहतर कार्य वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उठाया गया है।

### महिला थाना और परिवार परामर्श केंद्र में नई सुविधाएं

करंट क्राइम : महिला थाना गाजियाबाद में रोजाना बड़ी संख्या में महिला फरियादी पहुंचती हैं। इसके साथ ही परिवार परामर्श केंद्र और महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती भी यहीं रहती है। पहले यहां महिलाओं के लिए अलग शौचालय की व्यवस्था नहीं थी। इस समस्या को देखते हुए एक साथ तीन नए टॉयलेट बनवाए गए हैं और उनकी साफ-सफाई के लिए कर्मचारी भी तैनात किए गए हैं।

### लोकल इंटेलीजेंस यूनिट भी हाई-टेक

**लोकल इंटेलीजेंस यूनिट के कई कमरे बदहाल स्थिति में थे**

करंट क्राइम : लोकल इंटेलीजेंस यूनिट के कार्यालय को भी आधुनिक स्वरूप में बदला गया है। पहले यहां के कई कमरे बदहाल स्थिति में थे, जिन्हें अब बेहतर कार्य-प्रणाली के अनुरूप अपग्रेड किया गया है। बता दें कि सोमवार को भ्रष्टाचार निवारण संगठन कार्यालय का उद्घाटन होगा। इन व्यवस्थाओं के तहत पुलिस लाइन परिसर में तैयार किए गए भ्रष्टाचार निवारण संगठन कार्यालय का उद्घाटन आज दोपहर 12 बजे किया जाएगा। अपर पुलिस महानिदेशक (भ्रष्टाचार निवारण संगठन) के. सत्यनारायण इस कार्यालय का शुभारंभ करेंगे और अधिकारियों के साथ नई सुविधाओं का निरीक्षण करेंगे।

# 'हिंडन पार के '18 अपराधी' बने गैंगस्टर'

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में लूट-डकैती जैसे जघन्य अपराध में शामिल बदमाशों पर पुलिस गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई कर रही है। इसी के तहत पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देश पर डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने कुल 18 शातिर अभियुक्तों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इनपर लूट-डकैती, चोरी, धोखाधड़ी हत्या का




प्रयास मारपीट जैसे जघन्य अपराधों में मुकदमे दर्ज थे। इस मामले में इंदिरापुरम थानाक्षेत्र पुलिस ने 10 लोगों पर एक्शन लिया है। तो वही लिंक रोड थाना पुलिस द्वारा भी आठ आरोपियों पर कार्रवाई की गई है। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल का कहना है कि अपराध नियंत्रण को ध्यान में रखते हुए यह कार्रवाई की जा रही है।

### इन पर लगाया गया है गैंगस्टर एक्ट

**करंट क्राइम :** इंदिरापुरम थाना पुलिस ने सुरेंद्र उर्फ सुरेंद्र पहलवान जो गैंग लीडर है, इसपर आठ मुकदमे दर्ज हैं। तो मुकुल जिस पर दो मुकदमे हैं। आकाश, सुनील, मनप्रीत, प्रवेश, सचिन, नितेश, विशाल और विवेक को अलग-अलग मामलों के तहत गैंगस्टर एक्ट के तहत पाबंद किया गया है। तो वहीं लिंक रोड पुलिस ने हरीश जिसपर पांच मुकदमे दर्ज हैं। राज पर दो अनुराग, अभय, करण चौधरी, प्रिंस, अर्जुन चौधरी और प्रशांत पर भी गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# फैंटेसी गेमिंग के साथ कर दिया बीटेक स्टूडेंट ने गेम पेमेंट सिस्टम को किया हैक और ठक लिए एक करोड़

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने एक बीटेक स्टूडेंट को फैंटेसी गेमिंग मोबाइल एप के पेमेंट गेटवे को हैक कर एक करोड़ रुपये से अधिक की साइबर ठगी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से 25 लाख रुपये कैश, मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान बरामद किया है।

साथ ही उससे जुड़े कई बैंक खातों को भी फ्रीज किया गया है। एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह के अनुसार गिरफ्तार आरोपी का नाम उत्सव मंडल है और वह कंप्यूटर साइंस में बीटेक की पढ़ाई कर रहा है। आरोप है कि



उसने गेमिंग एप के पेमेंट सिस्टम को हैक कर फर्जी तरीके से ट्रांजैक्शन कैंसिल दिखाए और रकम को अपने खातों में ट्रांसफर कर लिया।

### 20 खातों से उठाए एक करोड़ रुपये

करंट क्राइम : पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी 20 से अधिक बैंक खातों के माध्यम से अब तक एक करोड़ रुपये से अधिक की रकम



निकाल चुका है। इस साइबर गैंग के अन्य सदस्य शुभम राज, अभिषेक कुमार और आकाश को पुलिस पहले ही अप्रैल महीने में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जांच में पता चला है कि आरोपी पहले गेमिंग एप डाउनलोड करते थे, फिर फोन को हैक कर यूपीआई और बैंक ट्रांजेक्शन सिस्टम तक पहुंच बनाते थे। इसके बाद भुगतान रद्द दिखाकर राशि को अपने खातों में डालते थे और फिर संबंधित मोबाइल नंबरों को ब्लॉक कर देते थे।

### 2024 में दर्ज हुआ था मुकदमा

करंट क्राइम : इस मामले में कंपनी ने वर्ष 2024 में धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके आधार पर साइबर थाना पुलिस लगातार सर्विलांस और तकनीकी जांच कर रही थी। इसी दौरान आरोपी उत्सव मंडल को घंटाघर कोतवाली क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। उत्सव मंडल मूल रूप से पश्चिम बंगाल का रहने वाला है और वर्तमान में बिजनौर क्षेत्र में किराए पर रह रहा था। पुलिस अब इसके नेटवर्क और अन्य खातों की जांच कर रही है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है और आगे की जांच की जा रही है।


## संपादकीय

# रोजगार का भविष्य ?

देश की श्रम शक्ति बदलाव के दौर से गुजर रही है। भारतीय उद्योग परिसंघ, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद और भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा तैयार हालिया भारत कौशल रिपोर्ट 2026 (काम का भविष्य- गिग श्रम शक्ति, फ्रीलांसिंग, एआई समर्थित श्रम शक्ति, दूर से किए जाने वाले काम और उद्यमिता) इस बदलाव को विस्तार से दर्ज करती है। रोजगार-योग्यता पिछले वर्ष के 54.81 फीसदी से बढ़कर 56.35 फीसदी हो जाने के साथ, रिपोर्ट नौकरी के लिए तैयार होने और कौशल अपनाने में निरंतर सुधार की ओर संकेत करती है। यह अध्ययन रोजगार-योग्यता परीक्षणों और 1,000 से अधिक संस्थानों से प्राप्त अंतर्दृष्टियों पर आधारित है।

रिपोर्ट के निष्कर्ष इस बात की पुष्टि करते हैं कि वैश्विक प्रतिभा केंद्र के रूप में भारत का कद बढ़ रहा है। वैश्विक स्तर पर आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में काम कर रही श्रम शक्ति का करीब 16 फीसदी भारत से है। इस क्षेत्र में करीब 6 लाख लोग काम कर रहे हैं और 2027 तक यह आंकड़ा दोगुना बढ़ने का अनुमान है। डिजिटल और फ्रीलांस अर्थव्यवस्था का भी तेजी से विस्तार हो रहा है और वर्ष 2030 तक गिग कर्मियों की संख्या बढ़कर 2.35 करोड़ हो जाने का अनुमान है। एआई समर्थित भर्ती, हाइब्रिड कार्य मॉडल और मानव संसाधन प्रणाली आदि तमाम क्षेत्रों में नियुक्तियों को नए ढंग से परिभाषित कर रहे हैं। अब हर 10 में से करीब 9 कर्मचारी किसी न किसी तरह जेनेरेटिव एआई टूल्स पर निर्भर हैं। भारत में इसे अपनाने की दर अधिकांश विकसित देशों से कहीं तेज है। बहरहाल, नई कार्य व्यवस्था अहम कमियों को भी उजागर करती है। गिग और प्लेटफॉर्म अर्थव्यवस्था को उसके लचीलेपन के लिए पसंद किया जाता है और यह अभी भी औपचारिक श्रम संरक्षण के दायरे से बाहर है। लाखों आपूर्ति कर्मी, फ्रीलांसर और प्लेटफॉर्म आधारित पेशों में बीमा का अभाव है, भविष्य निधि की व्यवस्था नहीं है या फिर दिक्कतें दूर करने की कोई व्यवस्था नहीं है। जब तक नियामकीय ढांचा विकसित नहीं होता है, लचीलापन असुरक्षा के रूप में नजर आ सकता है। रिपोर्ट में छोटे लाभ और निष्पक्ष कार्य प्रोटोकॉल की मांग, जिसमें कौशल-सत्यापित प्रमाणपत्र और डेटा संरक्षण मानदंड शामिल हैं, नीतिगत शून्य को रेखांकित करती है। कौशल के क्षेत्र में बढ़ती खाई भी एक बड़ी समस्या है। एआई विभिन्न उद्योगों में उत्पादकता को बदल रहा है, लेकिन केवल सीमित संख्या में कंपनियां बड़े पैमाने पर एआई प्रशिक्षण प्रदान करती हैं, जिससे डिजिटल साक्षरता का असमान परिदृश्य बन रहा है। बड़ी कंपनियां स्वचालन और विश्लेषण को अपना रही हैं, जबकि छोटे और मध्यम उद्यम इन्हें अपनाने के लिए जूझ रहे हैं। जैसे भारत की 1990 और 2000 के दशक की सेवा-आधारित वृद्धि ने समृद्धि के ऐसे क्षेत्र बनाए जिनसे बड़ी संख्या में कम-कुशल और असंगठित कामगार बाहर रह गए थे, वैसे ही एआई-आधारित वृद्धि उस समस्याग्रस्त प्रवृत्ति को दोहराने का जोखिम रखती है।

## रोचक तथ्यों का करंट



- साधारण कांच में सोडियम, कैल्शियम, पोटैशियम और लैड के सिलिकेट होते है।
- घरों में इस्तेमाल होने वाली प्राकृतिक गैस (एलपीजी) प्रोपेन तथा ब्यूटेन गैसों का मिश्रण होती है।
- क्वार्टज प्राकृतिक में सबसे अधिक मात्रा में पाया जाने वाला खनिज है अधिकतर चट्टाने इसी से बनी होती है।
- कुछ प्रदार्थ सूर्य के प्रकाश में रखने के बाद प्रकाश से हटाये जाने के बाद भी चमकते है इस घटना को स्फुरण कहते है यह गुण कैल्शियम सल्फाइड में पाया जाता है।
- रोमन अंक पद्धति में शून्य (0) का कोई स्थान नहीं है। शून्य का आविष्कार भारत में ही हुआ था।
- गणितीय संकेतों (+) और (-) का प्रयोग हजार सालों से हो रहा है पर अधिकांश गणितीय संकेतों की उत्पत्ति सोलहवीं शताब्दी में जाकर हुई है।
- पेट्रोल की गाड़ी चन्द्रमा पर नहीं चल सकती क्योंकि वहां पर वायुमण्डल नहीं है।
- हीरा तथा ग्रेफाइट कार्बन के क्रिस्टलीय अवरूप है।

# सरकारी दफ्तरों की नई सुबह: प्रदर्शन और जवाबदेही की संस्कृति की ओर



आठवें वेतन आयोग की सुगबुगाहट शुरू हो गई है आयोग का गठन भी किया जा चुका है। कर्मचारियों को लगने लगा है कि हमारे वेतन वृद्धि का क्या आधार होगा क्या सीनियरिटी के आधार पर वेतन वृद्धि होनी चाहिए या कार्य के आकलन पर वृद्धि होनी चाहिए। बहुत बड़ा प्रश्न हमारी व्यवस्था पर है कि एक व्यक्ति संपूर्ण कुशलता से अपने कार्य कर रहा है और एक कर्मचारी काम चोरी कर रहा है इसका कैसे निर्धारण किया जाए और सही व्यक्ति को प्रोत्साहन, उचित वेतन वृद्धि और प्रमोशन मिलना ही चाहिए और जो व्यक्ति कार्य नहीं कर रहा है उसको भी वेतन वृद्धि यदि कर्मठ कर्मचारियों के समान दी जाएगी तो कर्मठ कर्मचारी कैसे प्रोत्साहित होंगे, क्यों वह ज्यादा काम करना चाहेंगे यह बहुत ही विचारणीय प्रश्न आज है। हर पे कमिशन में कर्मचारियों का वेतन निरंतर बढ़ाया रहा है। जिन टैक्सपेयरों के पैसे से सरकार राजस्व प्राप्त करके वेतन बांटती है, उन सभी को भी जस्टिफाई करना आवश्यक है कि जो वेतन वृद्धि दी जा रही है उसका समुचित आधार है। पूर्व में विभिन्न वेतन वृद्धि के लिए जो पे कमीशन बने हैं उनकी भी मंसा के अनुसार हमारे कार्यालयों के वर्क कल्चर में सुधार नहीं आया है। सरकारी कार्यालयो में लाल फीता शाही हावी है, जबकि वेतन वृद्धि निरंतर दी जा रही है। भारत अब 'अमृतकाल' के दौर में है-और इस दौर में विकास की रफ्तार केवल योजनाओं से नहीं, बल्कि काम की गुणवत्ता और जवाबदेही से तय होनी चाहिए। हमारे सरकारी दफ्तर इस समय जिस सबसे बड़ी चुनौती से जूझ रहे हैं, वह है कार्यसंस्कृति में सुधार।

अब समय आ गया है जब सरकारी कामकाज को 'नियमों के पालन' से आगे बढ़ाकर 'परिणामों के मूल्यांकन' से जोड़ा जाए। सरकारी कर्मचारियों के प्रमोशन का आधार उनके सेवा का कार्यकाल ना होकर उनका परफॉर्मेंस और उनके key deliverables किस हद तक, किस प्रोफिशिएंसी के साथ पूरे हुए हैं यह होना चाहिए।

**पुराने ढर्रे की थकान :** दशकों से सरकारी तंत्र में वरिष्ठता और अनुभव को ही पदोन्नति और वेतनवृद्धि का आधार माना गया। इसका नतीजा यह हुआ कि मेहनती और रचनात्मक कर्मचारी भी धीरे-धीरे उसी औसत ढर्रे में ढलते चले गए। काम 'जिम्मेदारी' की बजाय 'रूटीन' बन गया। फाइलें चलती रहीं, लेकिन परिण म ठहर गए।

आज जरूरत है उस मानसिकता को बदलने की- जिसमें वेतन और पद व्यक्ति की उपस्थिति से नहीं, बल्कि उसके योगदान से तय हों। समय के साथ जनता की अपेक्षाएँ बदल चुकी हैं- वे तेज, पारदर्शी और नतीजा देने वाली सरकारी सेवाएँ चाहती है। केवल नियमों का कड़ाई से पालन ही पर्याप्त नहीं है; सरकारी तंत्र को परिणाम-उन्मुख, जवाबदेह और नागरिक केंद्रित बनाना होगा। सातवे वेतन आयोग में बढ़ी हुई सैलरी का अनुभव मिला-जुला रहा है-लोगों ने सोचा कि कामकाज में सुधार होगा, भ्रष्टाचार कम होगा।

**नया सूत्रः 'टीम की सफलता ही असली सफलता' :** सरकारी काम टीम में होता है, इसलिए प्रोत्साहन भी टीम को मिलना चाहिए। अगर केवल एक अधिकारी को बोनस मिलेगा तो बाकी कर्मचारी क्यों मेहनत करेंगे? लेकिन यदि पूरी टीम को लक्ष्य पूरा करने पर सामूहिक इनाम दिया जाए, तो हर स्तर का कर्मचारी- क्लर्क से लेकर अधिकारी तक-मिलकर लक्ष्य हासिल करने की कोशिश करेगा। यानी अब वक्त है कि 'टीम-इनसेंटिव कल्चर' को अपनाया जाए जिससे कि कलेक्टिव कार्य करने की एप्रोच बने। सरकारी दफ्तरों में टीमवर्क और वर्क कल्चर विकसित हो सके।

**पारदर्शिता से भरोसा, भरोसे से प्रदर्शन :** हमारे सरकारी दफ्तरों की सबसे बड़ी समस्या रही है- ₹फाइल कहाँ अटकी है, पता नहीं।₹ यहीं से भ्रष्टाचार और देरी का चक्र शुरू होता है। अगर हर फाइल की स्थिति डिजिटल डैशबोर्ड पर दिखे, अगर यह साफ हो कि कौन अधिकारी कब से फाइल पर बैठा है- तो जवाबदेही अपने-आप तय हो जाएगी। ई-ऑफिस और फाइल ट्रैकिंग सिस्टम सिर्फ सुविधा नहीं, बल्कि जनविश्वास का आधार हैं। पारदर्शिता बढ़ेगी तो रिश्वत की जरूरत घटेगी, और यही सच्चे सुधार की शुरूआत है।

सरकारी कामकाज में प्रशासनिक सुधार के प्रमुख उपाय निम्न हो सकते हैं-

**1. नागरिक-प्रतिक्रिया : नियमित और सरल फीडबैक :** प्लेटफार्म से सेवाओं में वास्तविक समय सुधार संभव है। टीम-आधारित इनसेंटिवः बोनस या पुरस्कार पूरे टीम के प्रदर्शन पर आधारित होने चाहिए ताकि समग्र सहयोग और उत्तरदायित्व बढ़े।

**2. प्रदर्शन-आधारित वेतन : वेतन का एक :** हिस्साअनिवार्य रूप से प्रदर्शन से जुड़ा होना चाहिए- पर इसे पारदर्शी, मानकीकृत एवं निष्पक्ष बनाना जरूरी है। डिजिटल ट्रैकिंग और डैशबोर्डः फाइल-ट्रैकिंग, केपीआई डैशबोर्ड और 360-डिग्री फीडबैक से देरी और जवाबदेही के मुद्दे सुलझेंगे।

**3. डेटा-एनालिटिक्स और एआईः** ई-ऑफिस से आए डेटा का विश्लेषण करके निर्णय समर्थन और समयोचित सुधार सुझाए जा सकते हैं।

**4. पायलट-आधारित कार्यान्वयनः** किसी भी बड़े बदलाव को पहले छोटे पायलट जिले/विभाग में लागू कर मूल्यांकन के बाद विस्तार करना चाहिए।

इन सुधारात्मक प्रयासों से नागरिक केन्द्रित-सेवाओं को गति मिलेगी और गुणवत्ता में वृद्धि होगी, करदाताओं का विश्वास और निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा, भ्रष्टाचार में कमी होगी, कर्मचारियों में प्रतिस्पर्धी, परिणाम-उन्मुख और सामूहिक कार्यसंस्कृति का विकास होगा। संभावित चुनौतियाँ आयेगी जैसे-प्रतिरोध : इसे प्रशिक्षण, संवाद और नेतृत्व स्तर से समर्थन देकर कम किया जा सकता है।

निष्पक्षता की चिंताः प्रदर्शन आंकड़ों की सत्यता और मापदंडों की पारदर्शिता सुनिश्चित करके इसे दूर किया जा सकता है। यदि कोई कानूनी/नियमात्मक बाधाएँ आती हैं तो आवश्यक नीतिगत या कानूनी संशोधनों के लिए व्यापक परामर्श और चरणबद्ध रीफॉर्म से दूर की जा सकती हैं।

**सुधार की राह में चुनौतियाँ-** पूर्व बनी बनाई व्यवस्था को बदल देना एक आसान कार्य नहीं है। हर सुधार के सामने सबसे बड़ा शत्रु होता है- प्रतिरोध। जो व्यवस्था सालों से चल रही हो, उसे बदलना आसान नहीं। वरिष्ठता पर आधारित प्रणाली में परिवर्तन का विरोध स्वाभाविक है। लेकिन टीम-आधारित प्रोत्साहन व्यवस्था से यह प्रतिरोध धीरे-धीरे खत्म किया जा सकता है। जब नीचे के कर्मचारी मेहनत करेंगे और वरिष्ठों का बोनस उन्हीं पर निर्भर होगा, तब बदलाव की ऊर्जा ऊपर तक पहुँचेगी। यह नीचे से ऊपर तक जवाबदेही का दबाव पैदा करेगा।

पारदर्शी, तेज और जवाबदेह प्रक्रियाएँ आर्थिक सुधार एवं विकास के लिए आवश्यक हैं तथा निवेशकों का भरोसा बढ़ाती हैं। ई-ऑफिस और डिजिटल ट्रैकिंग जैसे कदम "Ease of Doing Business" को मजबूती देंगे। यह सुधार सरकारी वेतन सुधार से आगे बढ़कर ह्लराष्ट्र की कार्यसंस्कृति सुधार₹ का रूप ले सकता है। प्रदर्शन आधारित वेतन (परफॉर्मेंस रिलेटेड पे/ पीआरपी)- अब जरूरी है।

आज भी सरकारी कर्मचारियों की तनख्वाह का ढाँचा पूरी तरह स्थिर है। चाहे कोई कर्मचारी औसत काम करे या उत्कृष्ट- वेतन समान। इस मानसिकता ने नवाचार और प्रेरणा दोनों को मार दिया है।

सिंगापुर, मलेशिया और यूके जैसे देशों में "Performance Linked Pay" का मॉडल सफल रहा है। भारत सरकार के सारणिक क्षेत्र के उद्योगों में भी वर्क आउटपुट एवं परफॉर्मेंस बढ़ाने के लिए पीआर की व्यवस्था की गई जो की सफल सिद्ध हुई है। वहाँ कर्मचारियों के वेतन का एक हिस्सा उनके काम की गुणवत्ता और विभागीय परिणामों से जुड़ा होता है।

अगर हम अपने यहाँ वेतन का 15-20 प्रतिशत हिस्सा प्रदर्शन से जोड़ दें, तो यह न केवल काम की गति बढ़ाएगा बल्कि भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगाएगा। यह "Pay for Tenure" से आगे बढ़कर "Pay for Performance" का युग होगा।

**प्रतिभा को सरकारी व्यवस्था में बनाये रखना :** अगर प्रतिभाशाली लोगों को अहसास होगा कि सरकारी व्यवस्था में सिर्फ Seniority नहीं बल्कि उनके काम को पहचान एवं इनाम मिलता है तो शायद वे सरकारी नौकरी में बने रहना पसन्द करेंगे। हमने Lateral entry का प्रयोग देखा जिसमें बाहर से विशेषज्ञों को लाया गया। परन्तु असर सीमित रहा। अक्सर कहा गया है कि इन विशेषज्ञों को न तो इनकी काबिलीयत के अनुसार काम दिया गया, न ही व्यवस्था ने उन्हें पूर्ण तरह अपनाया। उन्हें एक तरह से Side line कर दिया गया। प्रदर्शन आधारित व्यवस्था शायद कुछ हद तक इसका समाधान कर सके।

प्रदर्शन मापे-कौन और कैसे? इसमें पक्षपात का डर तो हमेशा रहेगा। यहाँ पर एक वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन प्रणाली यानि objective evaluation system की जरूरत होगी। इसे बनाने के लिए Digital Score Card बनाये जा सकते हैं। जिससे कर्मचारी के काम का वनजचनज नागरिकों से मिलने वाली प्रतिक्रिया (citizen feedback) दफ्तर में उपस्थिति, Infovation/New initiative जो लिए हों, इन सबको शामिल किया जाय, और सबसे महत्वपूर्ण यह है कि Subjectivity से जितना मुक्त हो सके, यह हो। अन्यथा वही राजनीति, पक्षपात एवं लॉबिंग शुरू हो जायेगी। कहा भी जाता है कि discretion leads to dishonesty जहाँ अधिकारी को अपने विवेक से निर्णय लेने की ज्यादा छूट होती है वहाँ गड़बड़ी की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए मूल्यांकन के मानक पहले से तय होने चाहिए।

प्रदर्शन मापदण्ड (KPI) स्पष्टता से निर्धारित किये जायें, 360 डिग्री फीडबैक अपनायें तथा नागरिक प्रतिपुष्टि प्रणाली (Citizen feedback) अपनायें। इससे व्यक्तिगत पक्षपात की गुंजाइश घटेगी और मूल्यांकन वस्तुनिष्ठ (objective) बनेगा।

सरकारी तंत्र में परिवर्तन संभव है पर यह सुनियोजित, पारदर्शी और मानव-केंद्रित होना चाहिए। व्यवहारिक सुझाव यदि निष्पादन योग्य तरीके से अपनाए जाएं तो सरकारी सेवाओं में विश्वास और क्षमता दोनों में उल्लेखनीय सुधार सम्भव है। अगर हम उपरोक्त सभी तथ्यों को कनक्लूड करते हैं तो कह सकते हैं कि काम के केंद्र में परिण शाम और ईमानदारी ही होती है। भारत को 'विकसित भारत' बनने की दिशा में सबसे जरूरी कदम यही है कि सरकार का हर तंत्र परिणाम पर केंद्रित हो।

प्रदर्शन आधारित वेतन, टीम इनसेंटिव, डिजिटल ट्रैकिंग और नागरिक-प्रतिक्रिया जैसे कदम केवल नीतियाँ नहीं हैं, बल्कि मानसिक क्रांति के प्रतीक हैं। जब सरकारी कर्मचारी अपने काम को कर्तव्य नहीं, बल्कि ₹प्रेरणा₹ के साथ करने लगेंग- तब सरकार और जनता के बीच विश्वास की नई डोर बनेगी, और यह बदलाव केवल फाइलों या नियमों में नहीं, बल्कि सोच में होगा।



**दीपेन्द्र कुमार चौधरी,**
आईएएस
सचिव- आयुष एवं आयुष शिक्षा तथा सचिवालय प्रशासन, उत्तराखंड शासन

# आधी आबादी को और सशक्त बनाने के लिए तैयार नई श्रम संहिताएं

**नई दिल्ली।** भारत को 2047 तक 30 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए श्रमबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना अनिवार्य है। फिलहाल श्रमबल में महिलाओं की भागीदारी 41.7 प्रतिशत है और विकसित भारत का लक्ष्य इसे बढ़ाकर 70 प्रतिशत तक ले जाना है। लगभग 30-अंकों के इस अंतराल को पाटने का मूल मकसद राष्ट्रीय उत्पादकता को बढ़ाना तथा यह सुनिश्चित करना है कि भारत की विकास गाथा को सिर्फ आधे लोग ही नहीं, बल्कि सभी लोग आकार दें।

शिक्षा, डिजिटल सुलभता और उद्यमिता के मामले में हुई प्रगति के बावजूद, अभी भी बहुत सी संभावनाओं का दोहन बाकी है। भारत को एक ऐसा श्रम इकोसिस्टम तैयार करना होगा जो महिलाओं को प्रवेश करने, टिके रहने तथा आगे बढ़ने में समर्थ बनाए और भारत के एकीकृत श्रम संहिताओं का कार्यान्वयन इन प्रणालीगत बाधाओं को दूर करने और समावेशन को उत्पादकता में बदलने का एक दुर्लभ मौका देता है। जरा गौर करें-ई-श्रम पर पंजीकृत सीता नाम की उत्तर प्रदेश की एक श्रमिक बच्चों की देखभाल की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं होने के चलते अपने दो बच्चों का पालन-पोषण करते हुए, घर बैठकर एक ठेकेदार के लिए कपड़े सिलती है। इससे उसे एक अनियमित आय होती है। उनके जैसी महिलाओं के लिए, नई श्रम संहिताएं एक बड़ा परिवर्तनकारी कदम साबित हो सकती हैं। पास की एक कपड़ा फैक्ट्री अब औपचारिक अनुबंधों के साथ अलग-अलग पालियों में काम करने के लिए महिलाओं की भर्ती कर रही है।



पहली बार, भारत के श्रम कानूनों का ढांचा सीता जैसी लाखों महिलाओं के लिए बाधक होने के बजाय उनका संबल बनने के लिए तैयार है।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

लड़के को एक थप्पड़ मारने की सजा 1000 रुपये जज साहब ने सुनाई
तब मंटू ने जज को पुछा - दुसरा एक थप्पड़ मार दूं?
जज गुस्से से- क्यों।
मंटू- क्योंकि छुट्टा नहीं है मेरे पास 2000 रुपये का नोट है..

शहर की लड़की की शादी गांव में हो गई। लड़की से घास डालने को बोला गया।
लड़की- भैंस के मुंह मे झाग देख कर लड़की वापस आ गई।
सासु मां बोली क्या हुआ बहू ?
लड़की बोली भैंस अभी कोलगेट कर रही है..

मास्टर जी- इस मुहावरे का अर्थ बताओ 'सांप की दुम पर पैर रखना'।
बिल्लू- पत्नी को मायके जाने से रोकना।
अब मास्टर जी ये नहीं समझ पा रहे थे कि इस बच्चे को बाहर निकालूं या क्लास का मॉनिटर बनाऊं।

## 24 11 2025 करंट क्राइम




सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

**दैनिक करंट क्राइम**
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# भारतीय गेंदबाजों को मुथुसामी ने किया परेशान

## दक्षिण अफ्रीका के लिए ऐसा करने वाले चौथे बल्लेबाज बने

**गुवाहाटी।** दक्षिण अफ्रीका के मध्य क्रम के बल्लेबाज सेनुरन मुथुसामी ने दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन भारतीय गेंदबाजों को जमकर परेशान किया। मुथुसामी ने काइल वेरेने के साथ मिलकर रविवार को दक्षिण अफ्रीका की पारी आगे बढ़ाई और दोनों बल्लेबाजों ने सातवें विकेट के लिए 88 रनों की साझेदारी कर डाली। इसके साथ ही मुथुसामी एक विशेष सूची में शामिल हो गए।

**पहले सत्र में भारत को नहीं मिली सफलता**

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन पहले सत्र पूरी तरह दक्षिण अफ्रीका के नाम रहा है और भारतीय गेंदबाज इस दौरान एक भी सफलता हासिल नहीं कर सके। दक्षिण अफ्रीका के लिए मुथुसामी और वेरेने ने सातवें विकेट के लिए शानदार साझेदारी की और भारतीय गेंदबाजों को विकेट के लिए तरसा दिया। बाएं हाथ के बल्लेबाज मुथुसामी ने अपनी रक्षात्मक तकनीक का शानदार नमूना पेश किया और अपने टेस्ट करियर का तीसरा अर्धशतक लगाया। विकेटकीपर बल्लेबाज वेरेने को शुरू में कुछ परेशानी हुई लेकिन इसके बाद वह अच्छी तरह से जम गए और उन्होंने कुछ आकर्षक शॉट लगाए।



**बाएं हाथ के बल्लेबाज मुथुसामी ने अपनी रक्षात्मक तकनीक का शानदार नमूना पेश किया और अपने टेस्ट करियर का तीसरा अर्धशतक लगाया।**

**जडेजा ने तोड़ी साझेदारी**

भारत को रवींद्र जडेजा ने काइल वेरेने को आउट कर सातवीं सफलता दिलाई। वेरेने और मुथुसामी के बीच अच्छी साझेदारी हुई और दोनों ने सातवें विकेट के लिए 88 रन जोड़े। भारत के लिए यह साझेदारी टूटना राहत की बात रही। वेरेने 45 रन बनाकर आउट हुए और अर्धशतक लगाने से चूक गए।

### भारत-पाकिस्तान और बांग्लादेश में 50+ लगाने वाले चौथे द.अफ्रीकी बल्लेबाज

मुथुसामी पहले टेस्ट मैच में नहीं खेले थ और दूसरे टेस्ट में उन्हें कॉर्बिन बॉश की जगह टीम में शामिल किया गया। मुथुसामी ने खुद को मिले इस मौके का पूरा फायदा उठाया और वह अर्धशतक लगाने में सफल रहे। बारसापाड़ा की पिच सपाट नजर आ रही है जिस पर भारत के दो स्पिनर वाशिंगटन सुंदर और जडेजा सुबह के सत्र में कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाए थे। इसका फायदा मुथुसामी ने उठाया और वह अपनी पारी के दम पर एक विशेष सूची में शामिल हो गए। मुथुसामी दक्षिण अफ्रीका के चौथे बल्लेबाज हैं जिन्होंने भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश में टेस्ट में 50+ स्कोर बनाया है। उनसे पहले मार्क बाउचर, ग्रीम स्मिथ और तेम्बा बावुमा ऐसा कर चुके हैं।

### घरेलू टेस्ट में बुमराह ने दूसरी बार 20+ ओवर तक की गेंदबाजी

भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह गुवाहाटी टेस्ट में अब तक 26 ओवर गेंदबाजी कर चुके हैं। यह दूसरी बार है जब घरेलू टेस्ट मैच में बुमराह ने 20+ ओवर तक गेंदबाजी की है। इससे पहले उन्होंने 2021 में चेन्नई टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ 36 ओवर तक गेंदबाजी की थी।

# पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप के लिए मुफ्त टिकटों की घोषणा

## हॉकी इंडिया ने लिया फैसला



**मदुरै।** हॉकी इंडिया ने बड़ा फैसला लेते हुए पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप के लिए मुफ्त टिकटों की घोषणा की है। यह वैश्विक टूनार्मेंट 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक होना है। इस टूनार्मेंट के मैच चेन्नई में भी खेले जाएंगे। इस प्रतियोगिता में कुल 24 टीमें भाग लेंगी, जिससे यह जूनियर विश्व कप के इतिहास का सबसे बड़ा टूनार्मेंट बन जाएगा।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, 'मुफ्त टिकट की पेशकश करके हमारा उद्देश्य तमिलनाडु और उसके बाहर के छात्रों, युवा खिलाड़ियों, परिवारों और हॉकी प्रेमियों के लिए दरवाजे खोलना है।' बयान में बताया गया है कि वर्चुअल फ्री टिकट टिकटजीनी वेबसाइट या हॉकी इंडिया ऐप से बुक किए जा सकते हैं।

**जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक होना है। इस टूनार्मेंट के मैच चेन्नई में भी खेले जाएंगे। इस प्रतियोगिता में कुल 24 टीमें भाग लेंगी**

# लक्ष्य सेन ने जीता इस सत्र का अपना पहला खिताब

**सिडनी।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इस सत्र का अपना पहला खिताब जीत लिया। लक्ष्य ने पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में जापान के युशी तनाका को हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 टूनार्मेंट का खिताब अपने नाम किया।

24 साल के लक्ष्य से शानदार लय बरकरार रखते हुए 26 वर्षीय तनाका को 38 मिनट तक चले मैच में 21-15, 21-11 से हराया और अपने खिताबी सूखे को समाप्त कर दिया। लक्ष्य के लिए पिछले समय से चीजें सही नहीं चल रही थीं और वह पेरिस ओलंपिक 2024 में चौथे स्थान पर रहे थे। 2021 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने इससे पहले अपना आखिरी सुपर 300 खिताब पिछले साल लखनऊ में सैयद मोदी इंटरनेशनल में जीता था।

# सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में हर्ष दुबे करेंगे विदर्भ की कप्तानी, सैमसन की अगुआई में उतरेगी केरल की टीम

**नई दिल्ली।** दोहा में राइजिंग स्टार्स एशिया कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले ऑलराउंडर हर्ष दुबे 26 नवंबर से होने वाली सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में विदर्भ की 17 सदस्यीय टीम की अगुआई करेंगे। पिछले सत्र के कप्तान और भारत के टी20 अंतरराष्ट्रीय विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा टीम का हिस्सा नहीं हैं। जितेश राइजिंग स्टार्स एशिया कप के दौरान भारत ए के कप्तान थे।

**राइजिंग स्टार्स में दुबे ने किया था अच्छा प्रदर्शन**

दुबे ने हाल में दोहा में अपना पहला टी20 अर्धशतक लगाकर भारत को सेमीफाइनल में पहुंचाया और चार मैचों चार विकेट भी लिए। दुबे ने रणजी ट्रॉफी 2024-25 अभियान में रिकॉर्ड प्रदर्शन किया था जिसमें उन्होंने 69 विकेट लिए और विदर्भ की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई। सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल 2025 में उन्हें आर स्मरण की जगह शामिल किया था।



विदर्भ की टीम पिछले सत्र में मुंबई से हारकर क्वार्टर फाइनल से बाहर हुई थी। टीम में विकेटकीपर शिवम देशमुख भी होंगे, जबकि यश ठाकुर को उपकप्तान बनाया गया है। टीम में भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज उमेश यादव भी हैं जो एक साल बाद वापसी करेंगे। विदर्भ ग्रुप ए में अपने अभियान की शुरूआत 26 नवंबर को लखनऊ में छत्तीसगढ़ के खिलाफ करेगा। ग्रुप की अन्य टीम मुंबई, ओडिशा, केरल, असम, रेलवे और आंध्र हैं।

**सैमसन को केरल की कमान**

भारतीय टीम के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में केरल की कमान संभालेंगे। केरल ने इस घरेलू टी20 टूनार्मेंट के लिए टीम घोषित कर दी है।

**विदर्भ की टीम:**

हर्ष दुबे (कप्तान), यश ठाकुर (उप कप्तान), अथर्व तायडे, ध्रुव शौरी, अमन मोखाड़े, यश राठौड़, शिवम देशमुख (विकेटकीपर), अक्षय वाडकर, नचिकेत भूटे, दर्शन नलकांडे, यश कदम, वरुण बिष्ट, पार्थ रेखाड़े, उमेश यादव, प्रफुल हिंगे, दीपेश परवानी और अध्ययन डागा।

**केरल की टीम:**

संजू सैमसन (कप्तान और विकेटकीपर), रोहन एस कुनुमल, मोहम्मद अजहरुद्दीन एम (विकेटकीपर), अहमद इमरान (उपकप्तान), विष्णु विनोद (विकेटकीपर), निधीश एमडी, आसिफ केएम, अखिल स्कारिया, बीजू नारायण एन, अंकित शर्मा, कृष्णा देवन आरजे, अब्दुल बाजित पीए, शराफुद्दीन एनएम, सिबिन पी गिरीश, कृष्णा प्रसाद, सैली वी सैमसन, विग्नेश पुथुर, सलमान निजार।

# सैयद मोदी इंडिया चैंपियनशिप के लिए भारत तैयार, श्रीकांत-प्रणय जैसे खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

**लखनऊ।** मौजूदा महिला युगल चैंपियन तृषा जॉली और गायत्री गोपीचंद भी इस चैंपियनशिप में वापसी करेंगी। इस प्रतियोगिता में प्रियांशु राजावत, तन्वी शर्मा, अनमोल खरब और उन्नति हुड्डा जैसी उभरती हुई भारतीय प्रतिभाएं भी शामिल हैं।



ऑस्ट्रेलियाई ओपन समाप्त होने के साथ ही भारत ने मंगलवार से शुरू हो रही सैयद मोदी इंडिया अंतरराष्ट्रीय की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस एचएसबीसी विश्व टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए भारत के शीर्ष खिलाड़ी तैयार हैं। पूर्व चैंपियन किदांबी श्रीकांत, ओलंपियन नोजोमी ओकुहारा और एचएस प्रणय जैसे दिग्गज अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी इसमें हिस्सा लेंगे।

**जॉली-गोपीचंद करेंगी वापसी**

मौजूदा महिला युगल चैंपियन तृषा जॉली और गायत्री गोपीचंद भी इस चैंपियनशिप में वापसी करेंगी। इस प्रतियोगिता में प्रियांशु राजावत, तन्वी शर्मा, अनमोल खरब और उन्नति हुड्डा जैसी उभरती हुई भारतीय प्रतिभाएं भी शामिल हैं। प्रतियोगिता में भारत के 152 खिलाड़ियों का सबसे बड़ा दल भाग ले रहा है। क्वालिफायर और मुख्य ड्रॉ के चुनिंदा मैच मंगलवार को खेले जाएंगे, जबकि इसका फाइनल 30 नवंबर को होगा।

**दर्शकों का प्रवेश निःशुल्क होगा**

पांचों स्पधाओं (पुरुष और महिला एकल, पुरुष और महिला युगल और मिश्रित युगल) में 32 खिलाड़ियों (या जोड़ियों) के बीच मुकाबला होगा, जिसमें 28 को सीधे प्रवेश मिलेगा जबकि चार क्वालिफायर के जरिये रास्ता बनाएंगे। महिला युगल के मुख्य ड्रॉ में मेजबान संघ की ओर से श्रुति मिश्रा, समृद्धि सिंह, सोनाली सिंह और तनिषा सिंह शामिल होंगी, जबकि मिश्रित युगल में आयुष अग्रवाल और श्रुति मिश्रा राज्य की चुनौती का नेतृत्व करेंगे। प्रतियोगिता में दर्शकों का प्रवेश निःशुल्क होगा।

# भारतीय दृष्टिबाधित महिला टीम ने जीता टी20 विश्व कप का खिताब, फाइनल में नेपाल को हराया

**कोलंबो।** भारतीय महिला दृष्टिबाधित टीम ने टी20 विश्व कप का खिताब जीत लिया है। भारतीय टीम ने कोलंबो के पी सारा ओवल में खेले गए फाइनल मुकाबले में नेपाल को सात विकेट से हराया।

इस टूनार्मेंट का आयोजन पहली बार हो रहा था और भारत इस वैश्विक टूनार्मेंट को जीतने में सफल रहा। भारत ने नेपाल को पांच विकेट पर 114 रन पर रोक दिया था। जवाब में टीम ने 12 ओवर में तीन विकेट पर 117 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

**फाइनल में दिखा भारत का दबदबा**

भारतीय महिला दृष्टिबाधित टीम का फाइनल में ऐसा दबदबा रहा कि नेपाल की टीम अपनी पारी में सिर्फ एक बाउंड्री ही लगा सकी। भारत के लिए फाइनल में सबसे ज्यादा रन फुला सारेन ने बनाए। वह 44 रन बनाकर नाबाद रहीं। भारत ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था, जबकि नेपाल ने पाकिस्तान को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।



**भारतीय टीम ने कोलंबो के पी सारा ओवल में खेले गए फाइनल मुकाबले में नेपाल को सात विकेट से हराया। इस टूनार्मेंट का आयोजन पहली बार हो रहा था और भारत इस वैश्विक टूनार्मेंट को जीतने में सफल रहा।**

### पाकिस्तान की मेहरीन ने टूनार्मेंट में बनाए सर्वाधिक रन

इस टूनार्मेंट की सह-मेजबान श्रीलंका शुरूआती दौर में पांच में से सिर्फ एक मैच जीत सकी थी। टीम ने अमेरिका को हराया था। पाकिस्तान की मेहरीन अली छह टीमों के बीच खेले गए इस टूनार्मेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं। उन्होंने 600 से ज्यादा रन बनाए जिसमें श्रीलंका के खिलाफ 78 गेंदों पर 230 रन बनाना शामिल है। मेहरीन ने इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 133 रन बनाए थे।

# अचानक टली मंधाना और पलाश की शादी पिता की सेहत बनी वजह, मैनेजर ने की पुष्टि

**नई दिल्ली/सांगली।** स्मृति मंधाना और पलाश मुछाल की शादी टल गई है। इसकी जानकारी भारतीय महिला टीम की उपकप्तान के मैनेजर ने रविवार को दी।

स्मृति मंधाना और पलाश मुछाल की शादी टल गई है। इसकी जानकारी भारतीय महिला टीम की उपकप्तान के मैनेजर ने रविवार को दी। मंधाना के मैनेजर तुहिन मिश्रा ने मीडिया से कहा, आज सुबह जब वह (स्मृति के पिता) नाश्ता कर रहे थे, उनकी तबीयत खराब होने लगी थी।

थोड़ी देर हमने इंतजार किया कि वह ठीक हो जाएं, लेकिन स्थिति थोड़ी बिगड़ रही थी। हमने इसके बाद जोखिम नहीं लिया और फटाफट एंबुलेंस को बुलाया और उनको अस्पताल ले गए।

अभी वह डॉक्टरों की निगरानी में हैं। मंधाना अपने पिता के काफी करीब हैं तो उन्होंने फैसला लिया है कि जब तक उनके पिता ठीक नहीं हो जाते, तब तक के लिए आज होने वाली शादी को अनिश्चितकाल के लिए टाला जाएगा।



### आज होनी थी शादी

स्मृति और पलाश की शादी आज महाराष्ट्र के सांगली में होनी थी। हालांकि, शादी से ठीक पहले महिला क्रिकेटर के पिता की अचानक तबीयत बिगड़ गई जिसके बाद शादी को अनिश्चितकाल के लिए टाल दिया गया है।

### चिकित्सकों की निगरानी में मंधाना के पिता

मंधाना की पिता की सेहत पर तुहिन ने कहा, अभी वह निगरानी में हैं। डॉक्टर ने बोला है कि उन्हें अभी अस्पताल में ही रहना होगा। हम सभी अभी सदमे में हैं। हम सभी चाहते हैं कि वह जल्द स्वस्थ हो जाएं। मंधाना बहुत स्पष्ट हैं कि पहले वह अपने पिता को ठीक होते देखेंगी और फिर शादी करेंगी। फिलहाल शादी अनिश्चिकाल के लिए टाल दी गई है। मैं गुजारिश करूंगा कि सभी मंधाना की निजता का ध्यान रखें।

# सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए मुथुसामी ने दिखाया दम, डिकॉक और क्लूजनर की बराबरी पर पहुंचे

**गुवाहाटी।** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज सेनुरन मुथुसामी ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में दम दिखाया। मुथुसामी ने गुवाहाटी टेस्ट मैच के दूसरे दिन शानदार शतक लगाया। यह उनके करियर का पहला टेस्ट शतक है। मुथुसामी ने भारतीय गेंदबाजों को जमकर परेशान किया जिससे दक्षिण अफ्रीका ने बड़ा स्कोर खड़ा कर लिया है। दूसरे दिन शुरूआती दो सत्र में भारतीय गेंदबाजों के पास मुथुसामी का कोई तोड़ नहीं रहा और उन्होंने आसानी से भारतीय चुनौती का सामना किया।

**वेरेने और यानसेन के साथ मुथुसामी ने निभाई साझेदारी:** मुथुसामी ने काइल वेरेने के साथ मिलकर रविवार को दक्षिण अफ्रीका की पारी आगे बढ़ाई और दोनों बल्लेबाजों ने सातवें विकेट के लिए 88 रनों की साझेदारी कर डाली। दक्षिण अफ्रीका के लिए मुथुसामी और वेरेने ने सातवें विकेट के लिए शानदार साझेदारी की और भारतीय गेंदबाजों को विकेट के लिए तरसा दिया।



हालांकि, दूसरे सत्र में भारत को रवींद्र जडेजा ने काइल वेरेने को आउट कर सातवीं सफलता दिलाई।

वेरेने के आउट होने के बाद मुथुसामी ने यानसेन के साथ साझेदारी निभाई और दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 400 के पार पहुंचाया। इस दौरान मुथुसामी ने शानदार शतक लगाया और इसके साथ ही वह एक विशेष सूची में शामिल हो गए। मुथुसामी दक्षिण अफ्रीका के तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं जिन्होंने भारत के खिलाफ सातवें या इससे निचले स्थान पर बल्लेबाजी करते हुए शतक लगाया है। मुथुसामी से पहले लांस क्लूजनर ने 1997 में नाबाद 102 रन और 2019 में क्विटंन डिकॉक ने 111 रन बनाए थे।

**मुथुसामी ने भारतीय गेंदबाजों को जमकर परेशान किया जिससे दक्षिण अफ्रीका ने बड़ा स्कोर खड़ा कर लिया है। दूसरे दिन शुरूआती दो सत्र में भारतीय गेंदबाजों के पास मुथुसामी का कोई तोड़ नहीं रहा और उन्होंने आसानी से भारतीय चुनौती का सामना किया।**

**सातवें या इससे निचले स्थान पर दो बल्लेबाजों ने बनाए 50+ स्कोर:** दक्षिण अफ्रीका के लिए पहली बार भारत के खिलाफ सातवें या इससे निचले स्थान पर बल्लेबाजी करते हुए दो बल्लेबाजों ने 50+ स्कोर बनाया है। पिछले 13 वर्षों में यह पहली बार हुआ है जब भारत के खिलाफ टेस्ट मैच की किसी पारी में सातवें या इससे निचले स्थान पर बल्लेबाजी करते हुए मेहमान टीम के दो बल्लेबाजों ने 50+ स्कोर बनाया है।

# इस साल मैदान पर वापसी नहीं कर सकेंगे शुभमन गिल?

## विशेषज्ञ से ली सलाह, सामने आई जानकारी

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई के सूत्रों ने जानकारी दी है कि गिल की गर्दन की चोट के सही होने में लंबा समय लगने की उम्मीद है। गिल के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नौ दिसंबर से शुरू होने वाली आगामी टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में भी खेलने की संभावना भी कम ही है।

भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल की मैदान पर वापसी में देर हो सकती है। गिल को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता टेस्ट मैच में बल्लेबाजी करते वक्त चोट लगी थी जिसके बाद वह शुरूआती मैच के बाद दूसरे टेस्ट मैच से भी बाहर हो गए थे। गिल की अनुपस्थिति में ऋषभ पंत दूसरे टेस्ट में कप्तानी कर रहे हैं। अब जानकारी मिल रही है कि गिल की वापसी में देर हो सकती है और उनका इस साल मैदान पर दिखना मुश्किल बताया जा रहा है।

### गर्दन में लगी थी चोट

गिल को गर्दन में चोट लगी थी जिसके बाद उन्होंने कोलकाता के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गिल टीम के साथ दूसरे टेस्ट के लिए गुवाहाटी गए थे, लेकिन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने दूसरे टेस्ट से पहले बताया था कि चोट से नहीं उबरने के कारण वह इस मैच का हिस्सा नहीं होंगे। गिल का दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में भी खेलना मुश्किल है जिसके लिए रविवार को टीम की घोषणा हो सकती है।

### ठीक होने में लग सकता है समय

बीसीसीआई के सूत्रों ने जानकारी दी है कि गिल की गर्दन की चोट के सही होने में लंबा समय लगने की उम्मीद है। गिल के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नौ दिसंबर से शुरू होने वाली आगामी टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में भी खेलने की संभावना भी कम ही है। बीसीसीआई के विश्वस्त सूत्रों के अनुसार गिल की चोट सिर्फ गर्दन की ऐंठन नहीं है। उन्हें आराम की जरूरत होगी और भारतीय टीम प्रबंधन उनकी वापसी के लिए हड़बड़ी नहीं करेगा। वह इस समय मुंबई में हैं जहां उनके एमआरआई समेत बाकी टेस्ट हो रहे हैं।



सूत्र ने कहा, 'यह देखने के लिए टेस्ट किए जा रहे हैं कि मांसपेशी में चोट है या टिश्यू में चोट लगी है। अभी तक तो चयनकर्ता उम्मीद लगाए हैं कि वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 तक फिट हो जाएं।' पता चला है कि गिल ने मुंबई के रीढ़ की हड्डी के विशेषज्ञ डा. अभय नेने से परामर्श लिया है और चिकित्सा रिपोर्ट की जांच को मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर को फॉरवर्ड किया है। बीसीसीआई सूत्र ने कहा, गिल को दर्द के लक्षणों को कम करने के लिए एक इंजेक्शन दिया गया है।

रिहैबिलिटेशन, ट्रेनिंग और स्किल वर्क शुरू करने से पहले उन्हें कुछ समय आराम करने की जरूरत होगी। इस बात की पूरी संभावना है कि उनका टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में खेलना भी संदिग्ध हो सकता है।

### न्यूजीलैंड सीरीज से करेंगे वापसी?

इन सबके बीच कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि गिल अब इस साल मैदान पर वापसी नहीं कर सकेंगे। अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप को देखते हुए टीम प्रबंधन गिल की वापसी को लेकर हड़बड़ी में नहीं है। ऐसे में गिल न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले साल की शुरूआत में होने वाली सीरीज से मैदान पर वापसी कर सकते हैं।




# गाजियाबाद की दो बड़ी कॉलोनियां निगम के हवाले!

## विकास कार्यों पर खर्च होंगे 34 करोड़, ढाई लाख लोगों को मिलेगी बड़ी राहत

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद की दो कॉलोनियों के दिन फिरने वाले हैं। नगर निगम ने स्वर्ण जयंतीपुरम और भाऊराव देवरस कॉलोनी को अपने नियंत्रण में लेने की तैयारी पूरी कर ली है। दोनों कॉलोनियों के विकास के लिए 34 करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्ताव तैयार कर लिए गए हैं, जिन्हें अब गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) को भेजा जाएगा। यह राशि जीडीए ही देगा, ताकि निगम अधूरे विकास कार्यों को आगे बढ़ा सके।

### क्यों जरूरी हुआ हस्तांतरण?

जीडीए ने वर्षों पहले दोनों कॉलोनियों का विकास किया था और अब तक सफाई, सीवर और बुनियादी सुविधाओं की जिम्मेदारी भी वही निभा रहा था। हालांकि, नालों की कमी, सीवर दिक्कत, कूड़ा निस्तारण की समस्या और जर्जर पार्कों की वजह से स्थानीय लोग लगातार परेशान थे। निगम क्षेत्र में होने के बावजूद, पार्षद विकास कार्य करा नहीं पा रहे थे– यही विवाद का मूल कारण रहा। लोगों ने बार-बार मांग उठाई कि कॉलोनियों का जिम्मा सीधे नगर निगम को दिया जाए, ताकि योजनाएं तेजी से लागू हो सकें।

### तैयारियां पूरी, अब संयुक्त निरीक्षण

उद्यान विभाग, प्रकाश विभाग, जलकल विभाग, स्वास्थ्य विभाग और निर्माण विभाग– सभी ने अपने-अपने प्रस्ताव भेज दिए हैं। अब जीडीए और निगम के अधिकारी संयुक्त निरीक्षण करेंगे। जीडीए को हस्तांतरण से पहले पूरी राशि निगम को देनी होगी। विकास कार्यों के पूरा होने से दोनों कॉलोनियों के करीब 2.5 लाख निवासियों को लाभ पहुंचेगा। स्वर्ण जयंतीपुरम में 1650 मकान, जबकि भाऊराव देवरस कॉलोनी में 630 मकान हैं।

### अब निगम वसूलेगा हाउस टैक्स

हस्तांतरण के बाद नगर निगम हाउस टैक्स, पानी का कर, और सीवर टैक्स वसूलेगा। फिलहाल जीडीए विकास शुल्क वसूल रहा है, लेकिन हस्तांतरण के बाद यह बंद हो जाएगा। इसके बाद पार्षद पूर्ण अधिकारों के साथ विकास कार्य करा सकेंगे। इंदिरापुरम का हस्तांतरण हुए एक साल बीत चुका है और वहां नालों का निर्माण, सीवर सुधार और सड़कों को सीएम ग्रिड योजना के तहत अपग्रेड किया जा रहा है।

निगम का दावा है कि इसी तर्ज पर स्वर्ण जयंतीपुरम और भाऊराव देवरस कॉलोनी में भी तेज गति से विकास कराया जाएगा।








### विधायक जी को मंच पर आकर क्यों कहना पड़ा 'मेरी तरफ से है भोजन'

भगवा नगरी में इन दिनों सबकुछ ठीक नहीं है। दल तो एक है मगर दिलों में कहीं ना कहीं मतभेद हैं। अब कुछ तो वजह रही होगी कि रन फॉर यूनिटी में यूनिटी दिखाई नहीं दी। सारे भाजपाई, सभी के हाथ में झंडे और एकता वाली दौड़ में मोड़ तब आया जब विधायक जी ने मंच पर आकर ये बताया कि समापन के बाद भोजन मेरी तरफ से है। अब मेरी तरफ से का मतलब ये था कि ये उनकी तरफ से नहीं है। संयोजन ही कुछ ऐसा है कि भोजन जैसी चीज के बारे में बताना पड़ रहा है। राज की बात देवतुल्य ने बताई और उन्होंने कहा कि दोनों एक दूसरे को झेल रहे हैं ये सियासी मजबूरियां हैं वरना आप मानकर चलो दोनों के बीच दूरियां हैं। हमें दोनों के साथ रहना है, हमारी अपनी मजबूरियां हैं। देवतुल्य ने बताया कि विधायक जी कहीं से भी रॉंग नहीं हैं, क्योंकि जब कोई व्यक्ति हर बात का क्रेडिट खुद ले ले तो कई बार मजबूरी बन जाती है कि सामने आकर बोलना पड़ता है।

### व्यापारी नेता बोला बोल्ड क्यों है थानेदार की उंगलियों और गले में इतना गोल्ड

किस्सा इस कोतवाली का है और किरदार उस कोतवाली के हैं। आम तौर पर ये होता है कि पुलिस की निगाह किसी भी फरीयादी से लेकर आरोपी तक जब पड़ती है तो उसके शरीर पर धारण किये हुए स्वर्ण से लेकर कार तक आती है। मगर यहां तो कोतवाल के गोल्ड को ही युवा व्यापारी नेता ने ताड़ लिया। किस्सा एक ट्रक का है, जो गायब है और ट्रक का मालिक दो महीने से चक्कर काट रहा है। ट्रक मालिक को साथ लेकर एक बुजुर्ग व्यापारी नेता और एक युवा व्यापारी नेता कोतवाली गये। यहां पर उन्होंने थानेदार को ताड़ा और देखा कि उसके तो चारों उंगलियों में सोने की अंगूठी और गले में सोने की चेन है। अभी व्यापारी नेता ये आंकलन कर रहे थे और थानेदार ने ट्रक वालों से कह दिया कि तुम अपना ट्रक अपने आप ढूंढो। युवा व्यापारी नेता को अब ट्रक मिले या ना मिले लेकिन यह जानने में रूचि है कि आखिर थानेदार के पास इतना गोल्ड आया कहां से। अंगूठी और चेन थानेदार के पास हैं मगर बेचैन व्यापारी नेता हैं।

### पॉल्यूशन घटाने का मिल गया है पानी के जरिये सोल्यूशन

पूरे देश ने ये रिपोर्ट पढ़ी कि पूरे देश में यहां की हवा सबसे जहरीली है। फिर पूरे देश ने ये चमत्कार भी देखा कि जिस शहर की हवा में सांस लेना दुष्वार है उस शहर को सरकार ने कोई अवार्ड भी दे दिया। आसमान में पॉल्यूशन है और सोल्यूशन जमीन पर पानी के छिड़काव से हो रहा है। महकमा सूत्र बता रहे हैं कि आप सरकारी बाबूओं की क्षमता को नहीं जानते, वो हवा को छोड़ो पंचतत्वों को रिपोर्ट में काबू कर लेंगे। वो बता रहे हैं कि पॉल्यूशन का बहुत ही महीन सोल्यूशन मिल गया है। जहां जहां पर पॉल्यूशन नापने की मशीन सेट की है वहीं वहीं पर छिड़काव भी है। ऐसे में जब यहां पॉल्यूशन नापेंगे तो 400 आयेगा। मगर किसी सघन बस्ति में जाकर उसी पॉल्यूशन को नापते हैं तो 800 आता है। वो बता रहे हैं कि गेम इतना महीन है कि मशीन सेट की गयी है। उनका मानना है कि पॉल्यूशन का ये भी एक सोल्यूशन है। क्योंकि रिपोर्ट में तो एक्यूआई वहीं का आयेगा जहां मशीन लगाई है और छिड़काव किया है। महकमे के बाबू ने दावा कि सबके मोबाईल में ये सिस्टम है, कोई भी पब्लिक का आदमी चांदमारी से लेकर कलैक्ट्रेट के बीच अगर प्रदूषण चेक करेगा तो मात्रा में जमीन आसमान का अंतर आयेगा। कहने वाले ने कहा कि ये तो आंकड़ों की बाजीगरी हो गयी। आप ही बताओं ऐसे में भला कैसे एयर पॉल्यूशन खत्म हो जायेगा।

# पुलिस झंडा दिवस पर लाइन में ध्वजारोहण

## पुलिस अधिकारियों ने दिलाया कर्तव्यनिष्ठा का संकल्प, डीसीपी लाइन में लगाया पुलिस फ्लैग





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर रविवार को कमिश्नरेट गाजियाबाद में विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने पुलिस बल को अनुशासन, सेवा और समर्पण की भावनाओं के साथ अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संदेश दिया।

पुलिस कार्यालय में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था/यातायात आलोक प्रियदर्शी ने ध्वजारोहण कर सलामी ली। उन्होंने उपस्थित पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस ध्वज हमारे गौरव का प्रतीक है और इसकी गरिमा बनाए रखना प्रत्येक पुलिसकर्मी का दायित्व है। इसी कड़ी में थाना मुरादनगर में पुलिस उपायुक्त ग्रामीण सुरेन्द्र नाथ तिवारी ने ध्वजारोहण कर पुलिस कर्मियों को शुभकामनाएं दीं तथा पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के संदेश को पढ़कर सुनाया। वहीं पुलिस लाइन गाजियाबाद में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय एवं अपराध केशव चौधरी ने पुलिस ध्वज फहराया। इस अवसर पर पुलिस कर्मियों को 'पुलिस कलर' का स्टीकर लगाया गया और 23 नवंबर 1952 को पुलिस ध्वज की प्राप्ति के ऐतिहासिक महत्व को दोहराया गया। कार्यक्रम में पुलिस उपायुक्त लाइन निमिष दशरथ पाटिल, पुलिस उपायुक्त ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन, सहायक पुलिस आयुक्त लाइन लिपि नगायच सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।



# राजनगर में वैश्य ग्लोबल फाउंडेशन व आरडब्ल्यूए का निशुल्क चिकित्सा व रक्तदान शिविर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के राजनगर रामलीला मैदान में भारतीय वैश्य ग्लोबल फाउंडेशन व राजनगर आरडब्ल्यूए ने रविवार को निशुल्क चिकित्सा शिविर व रक्तदान शिविर आयोजित किया। यतंती केयर फाउंडेशन व पीजीआई नोएडा के सहयोग से लगे शिविर में सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराई और बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया।



शिविर का उद्घाटन एसीपी सूर्यबलि मोर्या व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष पार्षद प्रवीण चौधरी ने किया। बीएमडी, ईसीजी, बीपी, शुगर, कोलेस्ट्रॉल सहित कई जांचें निशुल्क की गईं। रक्त पीजीआई नोएडा की टीम की देखरेख में एकत्र किया गया, जिसका उपयोग कैंसर पीड़ित बच्चों के उपचार में होगा। चिकित्सकों के सुझाव पर ईआरडी केयर फाउंडेशन के सहयोग से 10 वॉकिंग स्टिक व 2 व्हीलचेयर भी वितरित की गईं।

शिविर के संचालन में अमरीश कुमार त्यागी, प्रभाकर त्यागी, डॉ. एस.एस. पुरी, सुनील दत्त, पंकज भारद्वाज, गोल्डी सहगल, ओमप्रकाश भोला, सौरभ गर्ग, जय कुमार गुप्ता, दीपक कांत गुप्ता, जीपी अग्रवाल, सिमरन रंधावा, अखिलेंद्र गर्ग, जितेंद्र गर्ग, अंजू मित्तल, अजय गोयल, पीयूष गोयल, अंकित सिंघल सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे और सहयोग दिया।

# नोएडा-गाजियाबाद में डीजल ऑटो पर तुरंत प्रभाव से प्रतिबंध



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार ने वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए बड़ा कदम उठाते हुए नोएडा और गाजियाबाद में डीजल ऑटोरिक्शा पर तत्काल प्रतिबंध लागू कर दिया है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए बड़ा कदम उठाते हुए नोएडा और गाजियाबाद में डीजल ऑटोरिक्शा पर तत्काल प्रतिबंध लागू कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार, यह प्रतिबंध यूपी-एनसीआर क्लस्टर में चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा।

**UP-NCR जिलों में प्रदूषण नियंत्रण के लिए व्यापक एक्शन प्लान तैयार:** सरकार ने एनसीआर से जुड़े जिलों में बढ़ते वायु प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए एक व्यापक कार्य-योजना तैयार की है। इस योजना में मुख्य रूप से सड़क विकास, धूल दमन उपायों को मजबूत करने और बड़े स्तर पर सफाई अभियानों पर जोर दिया जाएगा। सरकारी रिपोर्ट के अनुसार, रोड डस्ट क्षेत्र में प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण है।

# 27 नवंबर को गाजियाबाद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन की तैयारियां तेज

## पुलिस-प्रशासन सतर्क, सुरक्षा व्यवस्था की शुरू हुई प्लानिंग



**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगामी 27 नवंबर को गाजियाबाद पहुंच सकते हैं। उनके संभावित आगमन को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री मुरादनगर के बसंतपुर सैतली स्थित तरुण सागरम तीर्थ जैन मंदिर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहां 26 से 30 नवंबर तक पांच दिवसीय भगवान जन्म कल्याणक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी दौरान 27 नवंबर को मंदिर परिसर में बने नवनिर्मित गुफा मंदिर का उद्घाटन कार्यक्रम निर्धारित है, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।

### प्रशासन और पुलिस ने संभाली कमान

**करंट क्राइम :** मुख्यमंत्री के दौरे की संभावनाओं के चलते सुरक्षा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। सूत्रों के मुताबिक डीसीपी ग्रामीण जोन, एसीपी स्तर के अधिकारी, स्थानीय पुलिस टीमों ने कार्यक्रम स्थल पर प्रारंभिक निरीक्षण कर सुरक्षा प्रोटोकॉल की समीक्षा की है। पुलिस अधिकारियों को रूट प्लानिंग, कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा, पार्किंग व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जा रहे हैं।

### नोएडा और जेवर एयरपोर्ट दौरे से जुड़ा कार्यक्रम

**करंट क्राइम :** सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का उसी दिन नोएडा में भी एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम निर्धारित है। इसके बाद वह जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निरीक्षण के लिए भी जा सकते हैं। इसी वजह से मुरादनगर के कार्यक्रम में उनके शामिल होने की संभावना और भी मजबूत मानी जा रही है, क्योंकि यह स्थान उनके उसी भ्रमण मार्ग में आता है। जिन विभागों पर कार्यक्रम संचालन की जिम्मेदारी होगी, उनके लिए प्रशासन द्वारा विभिन्न स्तरों पर बैठकें प्रस्तावित हैं। नगर निकायों, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, जिला प्रशासन और जैन समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ समन्वय बैठकों का दौर अगले दो दिनों में तेज होने की उम्मीद है।

### स्थानीय जैन समाज में उत्साह, पर अभी कार्यक्रम की आधिकारिक पुष्टि नहीं

**करंट क्राइम :** मुख्यमंत्री के संभावित आगमन और गुफा मंदिर के शुभारंभ को लेकर जैन समाज में उत्साह देखा जा रहा है। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि यह आयोजन ऐतिहासिक महत्व का है और पहली बार कोई मुख्यमंत्री इस तीर्थ कार्यक्रम में शामिल होंगे। हालांकि प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई हैं, लेकिन मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा आधिकारिक कार्यक्रम सूची अभी तक जारी नहीं हुई है। इसके बावजूद जिला प्रशासन सतर्क मोड पर आ चुका है और हर स्तर पर व्यवस्था की समीक्षा की जा रही है।




## पुलिस की टोपी रखने वालों पर कब होगा एक्शन

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में वैसे तो यातायात माह चल रहा है। लगातार कार्रवाई की जा रही हैं और अभियान भी चलाए जा रहे हैं। पर सवाल उठ रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकांश चार पहिया वाहनों के अंदर पुलिस की टोपी मिलती है। अब टोपी का इस्तेमाल करने वाले कितने पुलिसकर्मी और कौन सा पुलिसकर्मी इसका बेवजह इस्तेमाल कर रहा है, इसे भी देखना होगा। इसके साथ ही दर्जनों ऐसे वाहन भी नजर आ जाते हैं, जिनमें पुलिस तो लिखा होता है, पर पुलिस की वर्दी में कोई होता नहीं, लेकिन पुलिस की पी कैप अंदर रखी होती है। अधिकांश बार देखा जाता है कि ऐसा पार्किंग शुल्क और भौकाल जमाने के लिए ही इस्तेमाल की जाती है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में ऐसे कार्यालय और थानों से लेकर अन्य महत्वपूर्ण स्थानों के बाहर इस तरीके के वाहन देखे जा सकते हैं, जो लग्जरी होते हैं लेकिन उनमें पी कैप रखी होती है।




अब यह क्यों रखी जाती है, इसके पीछे का क्या मामला है, पुलिस एक्शन क्यों नहीं लेती है। तो अधिकारी बता सकते हैं, पर जिस तरीके से यह कानून व्यवस्था के साथ ही सुरक्षा पर भी सवाल है। इसपर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। बताया जा रहा है कि नेशनल हाईवे पर एक ऐसी ही थार गाड़ी को रोका गया था। उसके अंदर टोपी मिली लेकिन कार में टोपी से संबंधित कोई व्यक्ति नहीं था। इसके बाद कई बार फोन का दौर चला, तो मामला पता चला कि उनके चाचा पुलिस इंस्पेक्टर रह चुके हैं, इसीलिए कई पीढ़ी टोपी का इस्तेमाल कर रही हैं। उधर सुनने में आ रहा है कि दिल्ली–एनसीआर के कई शहरों में इस अभियान को तेज करने और ऐसे वाहनों को जप्त करने के निर्देश दिए गए हैं, अगर ऐसा पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में हुआ, तो थाना से लेकर लाइन तक भीड़ लग जाएगी। साथ ही यह सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल होगा। तो वहीं उन लोगों की भी टेंशन बढ़ेगी, जो सरकारी संस्थान या निजी संस्थाओं के नाम पर इस तरीके के काम को करते हैं और अपराध हाथ में लेते है। कुल मिलाकर जिस तरीके से सोशल मीडिया पर इन दिनों टोपी वाले मामले को लेकर चर्चा चल रही है, उसके दो पहलू कहे जा रहे हैं। पुलिस के सूत्रों को कहना है कि अधिकांश लोग चालान से बचने एवं अपना भौकाल दिखाने के लिए करते हैं। तो वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जो अलग–अलग अपराध को कर रहे हैं और इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। अब देखना होगा कि आने वाले समय में इस अभियान के तहत किन–किन वाहन चालकों पर कार्रवाई होती है। किनको सबक सिखाया जाता है और जेल भेजा जाता है।

# पूर्व पार्षद मोहम्मद कल्लन एसआईआर को लेकर चला रहे हैं जागरूकता अभियान

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** देशभर में दस दिनों तक चलने वाले विशेष अभियान ह्लआदर्श पड़ोसी, आदर्श समाजह्व की घोषणा की। अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची के विशेष संशोधन (एसआईआर) के बारे में जन जागरूकता बढ़ाना और सभी समुदायों में अच्छे पड़ोसी संबंधों को प्रोत्साहित करना है।

पूर्व पार्षद मोहम्मद कल्लन ने बताया कि 21 नवंबर से 30 नवंबर तक चलने वाला यह मुस्लिम क्षेत्रों में केंद्रित रहेगा, परन्तु अन्य संप्रदायों के लोगों से भी संपर्क कर उन्हें भी पड़ोसी धर्म निभाने का आह्वान किया जाएगा।

एसआईआर के साथ-साथ, पड़ोस में सहयोग, करे महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए, शहीद नगर दीनबंधु स्कूल व वैशाखीराम स्कूल में से को लेकर बीएलओ रोज बैठते हैं। उन्होंने ने बताया कि महिला टोलियों को गली-मोहल्ले में भेजा जाएगा और वे कई स्थानों पर स्टॉल लगाकर एसआईआर व मतदाता सूची के बारे में जानकारी देंगी।

पार्षद खुशीर्दा बेगम ने कहा कि एसआईआर और मतदाता सूची के बारे में महिलाओं का जागरूक होना लोकतंत्र के लिए अत्यंत आवश्यक है। जब महिलाएँ सक्रिय होंगी, तभी हम एक आदर्श समाज की ओर कदम बढ़ा पाएँगे,ह्व उन्होंने कहा। यह अभियान न केवल मतदाता सूची के सही संशोधन में मदद करेगा, बल्कि विभिन्न समुदायों के बीच आपसी समझ और सहयोग को भी मजबूत करेगा। उन्होंने बताया कि एक-दो दिन से रोज लोगों में उत्साह नजर आ रहा है। वार्ड के सभी लोगों को जागरूक किया जा रहा हैं और सुबह से लेकर शाम तक फार्म भरवाने का कार्य चल रहा है।








गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मेयर सुनीता दयाल अब अपने आवास पर भी कार्यकर्ताओं की समस्या सुन रही हैं, जनता की समस्याएं सुन रही है। यह मेयर का जनता के प्रति प्यार भी है और उनका जनसुनवाई दरबार भी है। मेयर सुनीता दयाल की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।



# इस्राइली खुफिया एजेंसी का दावा- अब यूरोप में हमले की साजिश रच रहा हमास



**तेल अवीव।** सुरक्षा बलों ने मोहम्मद नईम नामक संदिग्ध के बारे में पता लगाया, जांच में पता चला कि मोहम्मद नईम हमास के शीर्ष ब्यूरो अधिकारी बासेम नईम का बेटा है, जो गाजा में हमास के शीर्ष नेता खलील अल-हया का करीबी बताया जा रहा है।

इस्राइली खुफिया एजेंसी मोसाद ने दावा किया है कि फलस्तीनी संगठन हमास पूरे यूरोप में आतंकी हमलों की साजिश रच रहा है। इसके लिए हमास द्वारा स्लीपर सेल द्वारा आतंकी नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। एक बयान में मोसाद ने कहा कि यूरोपीय सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर आतंकी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया गया है और हथियारों को जब्त किया है। साथ ही कुछ संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है और हमलों को रोका गया है।

**कई देशों से संदिग्धों को पकड़ा गया:** मोसाद का कहना है कि हमास का आतंकी नेटवर्क यूरोप में यहूदी समुदाय और इस्राइली नागरिकों पर हमले की साजिश रच रहा था। जर्मनी, ऑस्ट्रिया जैसे देशों में भी मोसाद ने स्थानीय सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वित ऑपरेशन चलाकर कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पिछले सितंबर में वियना में ऑस्ट्रिया की डीएनएस सिक्योरिटी सर्विस ने हथियारों का एक जखीरा ढूंढा, जिनमें विस्फोटक और हैंडगन शामिल थे। सुरक्षा बलों ने मोहम्मद नईम नामक संदिग्ध के बारे में पता लगाया, जांच में पता चला कि मोहम्मद नईम हमास के शीर्ष ब्यूरो अधिकारी बासेम नईम का बेटा है, जो गाजा में हमास के शीर्ष नेता खलील अल-हया का करीबी बताया जा रहा है।

**हमास नेतृत्व पर मदद का आरोप:** मोसाद ने आरोप लगाया कि हमास का नेतृत्व भी यूरोप में आतंकी नेटवर्क तैयार करने में मदद कर रहा है। तुर्किए में भी हमास के संगठन बेस की जांच चल रही है।

# पहले चरण से जल्दी लाभ पर फोकस, गोयल बोले- बातचीत की रूपरेखा पर दोनों देशों ने किया समझौता

**यरूशलम।** केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पियूष गोयल इन दिनों इस्राइल के दौरे पर हैं। जहां उन्होंने भारत और इस्राइल के बीच प्रस्तावित फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) को दो चरणों में लागू करने की बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत और इस्राइल अपने प्रस्तावित फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) को दो चरणों में लागू करने पर विचार कर रहे हैं, ताकि दोनों देशों के व्यापारिक समुदाय को जल्दी लाभ मिल सके। गोयल ने कहा कि दोनों देश पहले कम कठिनाई वाले क्षेत्रों यानी जल्दी लाभ देने वाले क्षेत्रों पर ध्यान देंगे और संवेदनशील मुद्दों को चर्चा में शामिल नहीं करेंगे। उनका उद्देश्य एफटीए का पहला चरण जल्दी पूरा कर व्यापारियों को जल्दी लाभ पहुंचाना है।

बता दें कि गुरुवार को दोनों देशों ने बातचीत की रूपरेखा (ToR) पर हस्ताक्षर कर एफटीए पर बातचीत की आधिकारिक शुरूआत की। ToR में माल पर शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं को हटाना, निवेश को बढ़ावा देना, कस्टम प्रक्रियाओं को आसान बनाना, नवाचार और तकनीक हस्तांतरण में सहयोग बढ़ाना, और सेवा व्यापार को बढ़ावा देना शामिल है।

**कृषि और निवेश में सहयोग**

एफटीए को लेकर न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत के दौरान गोयल ने बताया कि इस्राइल की कृषि में ड्रिप इरिगेशन जैसी तकनीक ने सीमित जमीन, पानी और संसाधनों के बावजूद शानदार सफलता हासिल की है। भारत इससे सीख सकता है। उन्होंने बताया कि दोनों देश R&D और नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर भी काम कर रहे हैं।

इसपर इस्राइल के वित्त मंत्री ने भी द्विपक्षीय निवेश संधि के लागू होने पर संतोष व्यक्त किया। गोयल ने कहा कि



यह व्यापार संबंधों के नए युग की शुरूआत है। दोनों देश मिलकर यह तय करेंगे कि एफटीए से कैसे लाभ मिलेगा और किन सुविधाओं और लाभों का आदान-प्रदान होगा।

**भारत दुनिया का विश्वसनीय साझेदार- गोयल**

गोयल ने कहा कि भारत आज दुनिया का विश्वसनीय साझेदार और भरोसेमंद मित्र बन रहा है। कई देशों

**केन्द्रीय मंत्री पियूष गोयल ने इस्राइल दौरे पर बताया कि भारत और इस्राइल अपने प्रस्तावित एफटीए को दो चरणों में लागू कर सकते हैं। गोयल ने कहा कि पहले चरण में कम कठिनाई वाले क्षेत्रों पर ध्यान देकर व्यापारिक समुदाय को जल्दी लाभ दिया जाएगा।**



के साथ संबंध मजबूत हो रहे हैं और कई एफटीए फाइनल होने की प्रक्रिया में हैं।

उन्होंने युवाओं की कुशलता और योग्यताओं की भी तारीफ की और कहा कि दोनों देश फिलहाल कम मेहनत में ज्यादा लाभ वाले क्षेत्रों पर काम कर रहे हैं।

**इस्राइल में बड़ा मेट्रो प्रोजेक्ट**

गोयल ने बताया कि तेल अवीव में 50 अरब डॉलर का 300 किलोमीटर लंबा अंडरग्राउंड मेट्रो प्रोजेक्ट शुरू होने वाला है। इस्राइल चाहता है कि भारत की कंपनियां इस प्रोजेक्ट में भाग लें। भारत में भी 23 शहरों में मेट्रो परियोजनाएं चल रही हैं और भारतीय कंपनियों के पास इसका अनुभव है।

**दोनों देशों का व्यापार और अवसर**

गौरतलब है कि 2024-25 में भारत का इस्राइल को निर्यात 52% गिरकर 2.14 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 26.2% घटकर 1.48 अरब डॉलर रहा। कुल द्विपक्षीय व्यापार 3.62 अरब डॉलर रहा। भारत, इस्राइल का एशिया में दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साथी है।

मुख्य निर्यात में मोतियां और कीमती पत्थर, ऑटोमोबाइल डीजल, रसायन, मशीनरी, इलेक्ट्रिकल उपकरण, प्लास्टिक, वस्त्र और कृषि उत्पाद शामिल हैं। वहीं मुख्य आयात में मोतियां और रत्न, रसायन और उर्वरक, मशीनरी, पेट्रोलियम उत्पाद और रक्षा उपकरण शामिल हैं।

# दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति से मिले पीएम मोदी जी20 बैठक से इतर हुई दोनों नेताओं की बैठक

**जोहानिसबर्ग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी20 सम्मेलन से इतर रविवार को जोहानिसबर्ग में दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा से मुलाकात की। इस मुलाकात में भारतीय प्रतिनिधिमंडल में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर भी शामिल रहे। इस दौरान दोनों देशों के नेताओं के बीच विभिन्न मुद्दों पर सहयोग को लेकर चर्चा हुई।

**आईबीसीए नेताओं की बैठक में शामिल हुए पीएम मोदी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को यहां क्ष्रअ लीडर्स की बैठक में हिस्सा लिया, जिसमें उन्होंने भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका वाले त्रिकोणीय फोरम के अंदर सहयोग को गहरा करने के भारत के समर्पण को दोहराया। प्रधानमंत्री मोदी ने दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा ने ऋ20 सम्मेलन से इतर जोहान्सबर्ग में मुलाकात की। क्ष्रअ समूह सहयोग को बढ़ावा देने, ग्लोबल गवर्नेंस सिस्टम में सुधार लाने और विकासशील देशों के बीच सहयोग बढ़ाने पर फोकस करता है।

सितंबर में, विदेश मंत्री एस जयशंकर, ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा और दक्षिण अफ्रीका की मंत्री सिंडीसिवे चिकुंगा ने न्यूयॉर्क में सालाना यूनाइटेड नेशंस जनरल असेंबली सेशन के दौरान मुलाकात की थी।

मंत्रियों ने 40 देशों में 51 प्रोजेक्ट्स के साथ दक्षिण दक्षिण सहयोग की पहल के तहत क्ष्रअ फंड को मजबूत करने, बढ़ाने पर सहमति जताई थी। नेताओं ने आतंकवाद के सभी रूपों को बिना शर्त नकारने की बात भी दोहराई थी और आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की अपील की। मंत्रियों ने अमेरिका की टैरिफ नीति की भी आलोचना की और इससे दुनिया के अस्थिर होने के खतरे की आशंका जताई।

जी20 सम्मेलन में पीएम मोदी ने ड्रग्स और आतंक के गठजोड़ को खत्म करने की अपील की। इससे पहले शनिवार को जी20 सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने दुनियाभर के देशों से ड्रग और आतंक के गठजोड़ को खत्म करने की प्राथमिकता तय करने की अपील की। प्रधानमंत्री ने पारंपरिक ज्ञान के प्रसार, हेल्थकेयर रेस्पॉन्स टीम बनाने और दुर्लभ खनिजों को वितरण को आसान बनाने जैसे सुझाव दिए।




**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को यहां IBSA लीडर्स की बैठक में हिस्सा लिया, जिसमें उन्होंने भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका वाले त्रिकोणीय फोरम के अंदर सहयोग को गहरा करने के भारत के समर्पण को दोहराया।**

# बांग्लादेश में विशेषज्ञों ने दी भीषण भूकंप की चेतावनी
## 5.7 तीव्रता के झटके में गई थी 10 की जान

**ढाका।** बांग्लादेश में शुक्रवार सुबह आए 5.7 तीव्रता के भूकंप ने कम से कम 10 लोगों की जान ले ली और राजधानी ढाका समेत कई जिलों में कई इमारतों को नुकसान पहुंचाया। वहीं विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यह झटका किसी बड़े विनाशकारी भूकंप की आहट हो सकता है और अगर सरकार ने तुरंत सख्त कदम नहीं उठाए, तो नुकसान कहीं ज्यादा हो सकता है। शनिवार को भी देश तीन हल्के झटकों से कांपता रहा, जिससे लोगों में डर और बढ़ गया।

**ढाका की नाजुक हालत उजागर**

स्थानीय समाचार पत्र में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक, शुक्रवार का भूकंप 'ढाका की नाजुकता' को साफ दिखाता है। ढाका जिला प्रशासन ने 14 इमारतों में नुकसान की पुष्टि की है। वहीं राजुक ने 50 से अधिक इमारतों में नुकसान




की बात कही है, और मान रही है कि जांच आगे बढ़ने पर यह संख्या और बढ़ेगी। राजुक के चेयरमैन एम. रियाजुल इस्लाम ने कहा, 'हमारी जांच जारी है। कई और इमारतें जोखिम भरी मिलेंगी।' राजुक पर वर्षों से निर्माण निगरानी में लापरवाही और कम स्टाफ होने के आरोप लगते रहे हैं।

**विशेषज्ञों की कड़ी चेतावनी**

बांग्लादेश भूकंप सोसायटी के उपाध्यक्ष प्रो. मुनाज अहमद नूर ने कहा कि राजुक 'हमेशा किसी बड़े हादसे

**बांग्लादेश में हाल ही आए 5.7 तीव्रता के भूकंप में 10 लोगों की मौत हो गई और 50 घरों को नुकसान पहुंचा था।**

के बाद ही जागता है।' उन्होंने जोर देकर कहा कि बांग्लादेश नेशनल बिल्डिंग कोड का कड़ाई से पालन अनिवार्य है।

नूर के अनुसार, समस्या अक्सर डिजाइन में नहीं बल्कि उसके लागू होने में होती है, जैसे लोहे की मजबूती को गलत जगह लगाना। वहीं बांग्लादेश इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रो. मेहदी अहमद अंसारी ने चेतावनी दी कि जिन इमारतों में दरारें या नुकसान दिख रहा है, उनका तुरंत मूल्यांकन होना चाहिए। जोखिम के आधार पर उन्हें श्रेणीबद्ध कर कार्रवाई होनी चाहिए। 'यह हाल के झटके किसी बड़े भूकंप के पूर्व संकेत यानी पूवार्भास भी हो सकते हैं।' उनका कहना है कि 'अगर अभी कदम नहीं उठाए गए, तो किसी बड़ी घटना में भारी जनहानि हो सकती है।'

**भारत-बर्मा सबडक्शन क्षेत्र - एक दबा हुआ खतरा**

वरिष्ठ भूकंप वैज्ञानिक सईद हुमायूं अख्तर ने कहा कि भारत-बर्मा सबडक्शन क्षेत्र में बहुत ऊर्जा जमा हो रही है, जो किसी भी समय बहुत बड़े भूकंप का रूप ले सकती है। ढाका दुनिया के 20 सबसे भूकंप-जोखिम वाले शहरों में शामिल है। घनी आबादी, पुरानी और जर्जर इमारतें, और अवैध निर्माण इसे और ज्यादा असुरक्षित बनाते हैं। इतिहास की बात करें तो - 1869 से 1930 के बीच इस क्षेत्र में 7.0 से ज्यादा तीव्रता के पांच बड़े भूकंप आए थे।

# 'पहले मौके पर गिराएंगे सरकार', राजपक्षे के नेतृत्व वाले विपक्षी दल की सत्तासीन एनपीपी को चेतावनी

**कोलंबो।** श्रीलंका में सरकार और विपक्षी दल के बीच जारी तनाव के बीच पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे के नेतृत्व वाले विपक्षी दल ने राष्ट्रीय जनशक्ति (एनपीपी) सरकार पर चुनावी वादों को पूरा ना करने का आरोप लगाया है। साथ ही चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने अपने वादे पूरे नहीं किए तो पहले मौके पर सरकार को गिरा दिया जाएगा।

राजधानी कोलंबो के उपनगर नुगेगोडा में शुक्रवार को आयोजित एक रैली में महिंदा राजपक्षे के बेटे और राजनीतिक उत्तराधिकारी नमल राजपक्षे ने कहा कि हम तैयार हैं और सरकार को चेतावनी देते हैं कि हम पहले मौके पर इसे गिरा देंगे।

नमल ने आगे कहा कि श्रीलंकाई सरकार को जनता से किए गए अपने वादे पूरे करने चाहिए। इस दौरान उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल या जमानत पर कई पार्टी नेताओं के बावजूद वह डरेंगे नहीं और संघर्ष जारी रखेंगे।

**एनपीपी सरकार के खिलाफ भव्य रैली:** बता दें कि श्रीलंकाई सरकार के खिलाफ आयोजित रैली में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए, हालांकि मुख्य विपक्षी दल एसजेबी ने इसमें भाग नहीं लिया। एसजेबी नेता सजिथ प्रेमदासा ने कहा कि उनके दल और राजपक्षे परिवार के बीच विचारधारात्मक मतभेद हैं और भ्रष्टाचार जांच के चलते संयुक्त रूप से हिस्सा नहीं लिया।

**रैली आयोजक उदमा ने क्या कहा?**

हालांकि दूसरी ओर रैली आयोजक उदया गम्मनपिला ने कहा कि यह प्रदर्शन दशार्ता है कि राजनीतिक दलों के मतभेदों के बावजूद लोग एकजुट हैं। पूर्व राष्ट्रपति रणिल विक्रमसिंघे के यूएनपी के प्रतिनिधि हरिन फर्नांडो ने कहा कि रैली सरकार की बाधाओं के बावजूद बड़ी सफलता रही। उन्होंने दावा किया कि सरकार ने लोगों को रोकने के लिए लाउडस्पीकर बंद किए और बिजली काटी, लेकिन इसके बावजूद भारी संख्या में लोग आए।



**श्रीलंका में विपक्षी दल ने एनपीपी सरकार पर चुनावी वादे पूरे न करने का आरोप लगाया। कोलंबो के नुगेगोडा में रैली में महिंदा राजपक्षे के बेटे नमल ने कहा कि अगर सरकार ने अपने वादे पूरे नहीं किए तो पहले मौके पर सरकार गिरा दिया जाएगा।**

# भारत ने सीओपी-30 में ब्राजील के नेतृत्व की सराहना की
## विकसित देशों से की वादे निभाने की मांग भी की

**बेलेम।** भारत ने ब्राजील के बेलेम में हुई संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन सीओपी-30 में जलवायु न्याय की मजबूत आवाज बनकर उभरते हुए ब्राजील के समावेशी नेतृत्व की सराहना ही। साथ ही जलवायु न्याय, समानता और वैश्विक एकजुटता के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्धता पर जोर दिया। भारत ने सम्मेलन में लिए गए कई महत्वपूर्ण फैसलों का स्वागत किया और सीओपी अध्यक्ष का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनका नेतृत्व समावेश, संतुलन और ब्राजील की सामूहिक प्रयास की भावना पर आधारित रहा, जिसने पूरे सम्मेलन को सकारात्मक दिशा दी।

**अनुकूलन पर प्रगति का स्वागत**

इसके साथ ही भारत ने ग्लोबल गोल ऑन एडॉप्टेशन (जीजीए) में हुई प्रगति का स्वागत किया। साथ ही कहा कि यह फैसले विकासशील देशों की जरूरतों को समझते हैं, क्योंकि जलवायु परिवर्तन का असर सबसे ज्यादा उन पर है। इस दौरान भारत ने दोहराया कि विकसित देशों की लंबे समय से चली आ रही जिम्मेदारी है



कि वे विकासशील देशों को पर्याप्त जलवायु वित्त उपलब्ध कराएं। भारत ने उम्मीद जताई कि 33 साल पहले रियो में किए गए वादों को अब पूरा करने की दिशा में कदम बढ़ेंगे।

**न्यायपूर्ण संक्रमण तंत्र का समर्थन**

भारत ने सीओपी-30 के सबसे महत्वपूर्ण परिणाम के रूप में ह्यजस्ट ट्रांजिशन मैकेनिज्मह्न की स्थापना को बताया। भारत ने कहा कि यह कदम वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर पर जलवायु न्याय को लागू करने में मदद करेगा। इस दौरान भारत ने एकतरफा, जलवायु के नाम पर लगाए जाने वाले व्यापारिक प्रतिबंधों का मुद्दा भी उठाया। साथ ही कहा कि ऐसे कदम विकासशील देशों को नुकसान पहुंचाते हैं और समानता तथा साझा लेकिन विभेदित जिम्मेदारी के सिद्धांतों के खिलाफ हैं।

**भारत का साफ और स्पष्ट संदेश**

इस दौरान भारत ने यह भी स्पष्ट कहा कि जलवायु परिवर्तन का बोझ उन देशों पर नहीं डाला जाना चाहिए जो इसके लिए सबसे कम जिम्मेदार हैं। भारत ने विज्ञान-आधारित, न्यायपूर्ण और समानता पर आधारित जलवायु कार्रवाई के प्रति फिर से प्रतिबद्धता जताई। अंत में, भारत ने ब्राजील और सभी देशों को धन्यवाद दिया और अपील की कि बेलेम से आगे का सफर न्याय, एकजुटता और साझा समृद्धि से भरा होना चाहिए।

**ब्राजील के बेलेम में हुई सीओपी-30 में भारत जलवायु न्याय की मजबूत आवाज बनकर सामने आया। भारत ने ब्राजील के समावेशी नेतृत्व की सराहना करते हुए समानता और वैश्विक एकजुटता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। जीजीए में हुई प्रगति का स्वागत करते हुए भारत ने कहा कि विकसित देशों को अब 33 साल पुराने जलवायु वित्त के वादे निभाने होंगे।**

# अब उत्तरी अफ्रीकी देश में विद्रोह की चिंगारी भड़की

**ट्यूनिस।** उत्तरी अफ्रीकी देश ट्यूनीशिया में भी सरकार विरोधी प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। शनिवार को हजारों की संख्या में लोग राष्ट्रपति काइस सईद के खिलाफ राजधानी ट्यूनिश की सड़कों पर उतरे। लोग राष्ट्रपति सईद की बढ़ती कथित तानाशाही और जेल में बंद राजनीतिक कैदियों की रिहाई की मांग कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने 'अन्याय के खिलाफ' बैनर के तले विरोध प्रदर्शन किया, जिसका नेतृत्व जेल में बंद राजनीतिक कैदियों के परिवारों और मानवाधिकार कार्यकताओं ने किया। राष्ट्रपति सईद पर न्यायपालिका में दखलअंदाजी का आरोप

प्रदर्शन में हजार से ज्यादा प्रदर्शनकारी शामिल हुए, जिन्होंने सरकार विरोधी नारे लगाए। ये प्रदर्शन ऐसे समय हो रहे हैं, जब ट्यूनीशिया आर्थिक और राजनीतिक स्तर पर परेशानियों से घिरा हुआ है।

# 'आठ में से पांच युद्ध टैरिफ की धमकी से रुकवाए'
## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का बड़ा दावा

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को बड़ा दावा करते हुए कहा कि उन्होंने टैरिफ की धमकी देकर आठ में से पांच युद्ध रुकवाए हैं। ट्रंप ने ये भी दावा किया कि टैरिफ के चलते अमेरिका को दुनिया भर के देशों से खरबों डॉलर मिल रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपनी टैरिफ नीति को कामयाब बताते हुए कहा कि इससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था को फायदा हुआ है।

**ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में किया दावा**

ट्रुथ सोशल पर साझा एक पोस्ट में ट्रंप ने कहा कि उन्होंने आठ में से पांच लड़ाइयों को सीधे टैरिफ के खतरे की वजह से रोका। ट्रंप ने लिखा कि 'हम टैरिफ की वजह से विभिन्न देशों से टैरिफ और निवेश के रूप में खरबों डॉलर्स ले रहे हैं। मैंने आठ में से पांच युद्ध को टैरिफ की धमकी से रोका,



क्योंकि अगर वे लड़ना बंद नहीं करते हैं तो उन पर टैरिफ लगने का खतरा है।' गौरतलब है कि ट्रंप ने इस साल मई में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव को रोकने के लिए भी टैरिफ की धमकी देने का दावा किया था। हालांकि भारत ने पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम में ट्रंप की भूमिका की कभी पुष्टि नहीं की है।

**ट्रंप ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था को सराहा**

ट्रंप ने अपने पोस्ट में लिखा कि अब अमेरिका में कोई महंगाई नहीं है जबकि जो बाइडन के समय में यह इतिहास में सबसे खराब थी। ट्रंप ने लिखा कि 'स्टॉक मार्केट 9 महीनों में 48वीं बार ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि टैरिफ ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था की मदद की है और अमेरिका को लूटने वाले लोगों पर निशाना साधा। उन्होंने यह भी कहा कि अभी, अमेरिका अब तक का सबसे अमीर, सबसे मजबूत और सबसे इज्जतदार स्थिति में है और इसके वजह उन्होंने खुद के राष्ट्रपति चुने जाने और टैरिफ को बताया।

**ट्रंप ने इस साल मई में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव को रोकने के लिए भी टैरिफ की धमकी देने का दावा किया था। हालांकि भारत ने पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम में ट्रंप की भूमिका की कभी पुष्टि नहीं की है।**

# वेनेजुएला के पास हवाई क्षेत्र को लेकर अलर्ट जारी
## अमेरिका ने बी-52 बॉम्बर से किया 'डेमो अटैक'

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की तरफ से वेनेजुएला की सीमा के पास बड़े पैमाने पर सैन्य प्रदर्शन किया जा रहा है। दरअसल, अमेरिका सोमवार को वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो पर आतंकी का ठप्पा लगाने वाला है। वहीं वेनेजुएला के पास अमेरिकी विमानों के धमक के बीच एफएए ने अलर्ट भी जारी किया है।

अमेरिका और वेनेजुएला के बीच तनाव एक बार फिर बढ़ गया है। शुक्रवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सैन्य विकल्पों को खुला रखते हुए बी-52 परमाणु-सक्षम बॉम्बर का 'अटैक डेमो' करवाया। इसी के कुछ ही देर बाद अमेरिकी विमानन नियामक फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने वेनेजुएला के हवाई क्षेत्र को लेकर नई एविएशन अलर्ट जारी की।

अमेरिका की फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने दोपहर 1:08 बजे एक नोटिस टू एयरमेन जारी करते हुए कहा कि वेनेजुएला के हवाई क्षेत्र में 'संभावित रूप से खतरनाक स्थिति' बन सकती है। यह सलाह मैक्वेटिया उड़ान सूचना क्षेत्र (एफआईआर) के लिए है, जिसमें पूरा वेनेजुएला, दक्षिणी कैरेबियन और कोलंबिया, गुयाना, ब्राजील और त्रिनिदाद के ऊपर का हवाई क्षेत्र शामिल है।

**बी-52 बॉम्बर का 'डेमो अटैक':** एफएए की चेतावनी के तुरंत बाद अमेरिकी वायुसेना ने पुष्टि की कि




एक बी-52 स्ट्रैटोफोर्ट्रेस बॉम्बर, दो केसी-135 टैंकरों और लड़ाकू विमानों के साथ दक्षिणी कमांड क्षेत्र में 'बॉम्बर अटैक डेमो' उड़ान पर गया। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक यह ऑपरेशन उन ड्रग तस्करी नेटवर्क के खिलाफ चल रहे मिशनों का हिस्सा है जिनके तार वे वेनेजुएला से जोड़ते हैं।

**ट्रंप की चेतावनी- हम कुछ भी कर सकते हैं:** राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि वेनेजुएला पर कार्रवाई के सभी विकल्प खुले हैं। उन्होंने दावा किया कि मादुरो 'नार्को-टेररिज्म को संरक्षण दे रहे हैं और इससे अमेरिका को 'तगड़ा नुकसान' हो रहा है, चाहे वह ड्रग तस्करी हो या गैर-कानूनी प्रवासन। ट्रंप ने यह भी कहा कि वे शायद वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो से बात कर सकते हैं, लेकिन 'किसी भी विकल्प को नकार नहीं रहे।'




# ‘राइज इन इंडिया’ आज से एचआरआईटी यूनिवर्सिटी में प्रारंभ

## केंद्रीय मंत्री एस. पी. बघेल करेंगे उद्घाटन, पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल की अगुवाई में मेगा इवेंट में दिखेगा नए भारत का विजन

**गाज़ियाबाद करंट क्राइम।** मेरठ रोड स्थित एचआरआईटी यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय मेगा इवेंट ‘राइज इन इंडिया’ आज से शुरू हो रहा है। 24 से 26 नवंबर 2025 तक चलने वाले इस तीन दिवसीय भव्य कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय राज्य मंत्री एस. पी. बघेल करेंगे। आयोजन को लेकर विश्वविद्यालय परिसर में पूरी तैयारी कर ली गई है।

यह कार्यक्रम ‘अमृतकाल’, ‘मेक इन इंडिया’ और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना पर आधारित है, जिसमें भारत की तकनीकी प्रगति, नवाचार और वैश्विक नेतृत्व क्षमता को एक ही मंच पर प्रस्तुत किया जाएगा।

एचआरआईटी यूनिवर्सिटी के चांसलर एवं गाज़ियाबाद के पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल ने बताया कि राइज इन इंडिया का उद्देश्य केंद्र सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों और पहलों को युवाओं, किसानों, शोधकताओं और आम जनता तक प्रभावी रूप से पहुँचाना है।



### नए भारत का प्रगतिशील मंच

**करंट क्राइम।** ‘राइज इन इंडिया’ छात्रों, शोधार्थियों, उद्योगपतियों और आम नागरिकों के लिए ज्ञान, तकनीक, नवाचार और अवसरों का एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मंच साबित होगा। यह आयोजन भारत के विकास लक्ष्यों और भविष्य की दिशा को मजबूत आधार देगा।

### कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य

- सरकारी योजनाओं और नवाचारों पर जन-जागरूकता बढ़ाना
- युवाओं के लिए कौशल विकास और प्रशिक्षण का विस्तार
- विज्ञान-तकनीक की भूमिका समझाना
- मंत्रालयों एवं विभागों की उपलब्धियों का व्यापक प्रदर्शन

### प्रमुख फोकस थीम

- विज्ञान और प्रौद्योगिकी
- अनुसंधान एवं विकास
- कृषि, पर्यावरण एवं वन संरक्षण
- हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट एवं ग्रामीण उद्योग
- पर्यटन एवं बुनियादी ढांचा विकास
- कौशल विकास एवं आईटी
- महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास
- स्वास्थ्य एवं चिकित्सा

### भाग लेने वाले प्रमुख राष्ट्रीय विभाग

- डीआरडीओ
- इसरो
- जीएसआई
- आईसीएमआर
- वाणिज्य मंत्रालय
- हैंडलूम विभाग
- बीआईएस
- एनसीआरटीसी
- तथा कई अन्य केंद्रीय मंत्रालय व संगठन

# पार्षद सतेंद्र चौधरी ने बीएलओ की समस्याओं का किया समाधान, कहा : बीएलओ हमारे लोकतंत्र की रीढ़ हैं

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम के सक्रिय पार्षद सतेंद्र चौधरी ने बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) के साथ मिलकर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के काम को सुगम बनाने का बीड़ा उठाया है। क्षेत्र में कई बीएलओ ने फॉर्म वितरण, संग्रहण और डेटा एंट्री में आ रही कठिनाइयों की शिकायत की थी, जिसके बाद सतेंद्र चौधरी ने पहल कर इन मुद्दों को सीधे समझा और समाधान की दिशा में कदम बढ़ाए।





सतेंद्र चौधरी ने बताया कि एसआईआर के तहत बीएलओ को घर-घर जाकर दो प्रतियों में फॉर्म देना होता है। एक प्रति मतदाता के पास रहती है और दूसरी बीएलओ के पास जमा होती है। इस प्रक्रिया में फॉर्म भरने में आ रही भ्रम, दस्तावेजों की कमी और समय-सीमा की तंगी जैसी समस्याएँ सामने आ रही थीं। उन्होंने बीएलओ को अतिरिक्त प्रशिक्षण, मोबाइल एप के माध्यम से रीयल-टाइम डेटा अपलोड और स्थानीय स्तर पर एक छोटा हेल्प डेस्क स्थापित कर इन चुनौतियों को कम किया है। पार्षद ने कहा, बीएलओ हमारे लोकतंत्र की रीढ़ हैं। जब उन्हें सही समर्थन मिलता है, तो मतदाता सूची साफ और अद्यतन रहती है। उन्होंने यह भी बताया कि एसआईआर अभियान 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक चल रहा है और इस अवधि में सभी पात्र मतदाताओं को फॉर्म भरने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

बीएलओ के सहयोग से फॉर्म भरने की प्रक्रिया तेज हुई और त्रुटियों में कमी आई है। विशेष रूप से, फॉर्म की डिजिटल अपलोडिंग और रसीद के रूप में दूसरी प्रति को सुरक्षित रखने की व्यवस्था ने काम को काफी आसान बना दिया है। यह पहल न केवल मतदाता सूची को सटीक बनाती है, बल्कि स्थानीय प्रशासन और नागरिकों के बीच विश्वास को भी मजबूत करती है। एसआईआर कार्य के सफल समापन के बाद, इसी तरह के सहयोगी प्रयास जारी रखने का आश्वासन दिया है।




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** शादियों का चल रहा है सीजन? कसाना जी छाए हुए हैं हर आयोजन में? इस बात में नहीं है कोई रीजन? उनके स्लोमोशन वाले वीडियो ने क्रान्तिकारी एरिया में ढहाया हुआ है कहर? मगर हम कहीं पर सुन रहे थे बात? जब हो रही थी सहर? कहने वाले कह रहे थे स्लोमोशन वाले वीडियो कर रहे हैं कमाल? फास्ट मोशन में कसाना जी करके दिखा दें कोई बड़ा आयोजन? दिखा दें अपना धमाल?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम बैठे थे सौलंकी जी के वार्ड में मंडल के सहमीडिया प्रभारी के साथ? हम उनसे निकलवाना चाह रहे थे अंदर की बात? प्लान कर गया हमारा मौके पर काम? जब हमने उनसे पूछा मंडल की गतिविधियों को कौन कैसे दे रहा है अंजाम? उन्होंने बात बोली सच चाय पीकर? कहा राजनीति कर रहे हैं सब सिर्फ चिपका स्टीकर?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** एसआईआर अभियान में दे रहा है जबरदस्त भाईचारा दिखाई? हम देख रहे हैं कार्यकर्ताओं की मीटिंग ले रहे हैं विधायक जी के भाई? कर रहे हैं वो उनको तरह-तरह के निर्देश जारी? ऐसा लग रहा है जैसे भाई ने भाई के लिए अभी से शुरू कर दी हो विधानसभा की तैयारी? कहने वाले ने कहा आज के दौर में भाई का भाई के प्रति प्यार पड़ जाता है अच्छे-अच्छों पर भारी?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के भगवा बाल्मिकी भैया आजकल नहीं नजर आ रहे हैं भगवा योद्धा के साथ? पहले तो खूब नजर आते थे, ना जाने क्या थी बात? लगता है इनको हो गया है इस बात का एहसास कि पद तो मिलने में अभी बहुत समय है? ये जो समय चल रहा है इसको क्यों करे मेहनत करके खराब?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा मैम्बर की फाईल पर मांग लिया है एसएसी आयोग वालों ने जवाब? सुना है वो पहले से ही टेंशन में हैं? अब इस मामले ने कर दिया है और भी सीन खराब? देखना अब ये है वो कैसे निकालेंगे इस समस्या का समाधान? क्योंकि जीवन में और भी समस्याऐं जुड़ी हुई हैं श्रीमान?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आप हमारे सवाल को बूझोगे तो जान जायेंगे? अगर आपने हमारे सवाल को बूझ लिया तो हम आपको मान जायेंगे? सुना है जिन चेहरों ने लड़ाया था चुनाव धीरे धीरे वो सभी चेहरे हो गये हैं दूर? आखिर ऐसा हुआ है इन सबको कौन सा तनाव?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** ये तो शुक्र है कि लाईन पार के भगवा कमिश्नर के ऊपर है भगवा कमांडर का आशीर्वाद? नहीं तो बनाने वालों ने बना दिया था उन पर बहुत ही ज्यादा तनाव? सुना है एक समय जो उन पर हो रही थी दे दनादन कार्यवाही? अब उसमें आ गई है बहुत ही गिरावट? आजकल रिलैक्स दिख रहे हैं वीरू भाई?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम थे भगवा कमांडर थे मैराथन वाले कार्यक्रम में मौजूद? वहां पर भगवा योद्धा बढ़ा गये थे मिस्टर कांत का वजूद? पूरे मंच से उन्होंने की थी इस चेहरे की तारीफ? कराया था सबको एहसास? इस आयोजन को सफल बनाने में शर्मा जी ने निभाया है अहम रोल? हकीकत में काम किया है बहुत ही बारीक?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** उस वक्त हमने अपनी आखें मसली कई बार? जब हमने मतदाता पुनरीक्षण वाले कार्यक्रम में किये पूर्व जिलाअध्यक्ष राशिद भैया के दीदार? उनकी मौजूदगी से हो रहा था हमको इस बात का एहसास? जैसे सिस्टम अब फिर से उनके हाथ में आने वाला है? क्योंकि अब दूर नहीं है विधानसभा का चुनाव? जरूर उनकी ये सक्रियता दे रही होगी मौजूदा वालों को तनाव?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** एक और बात बता रहे हैं हम आपको ताजी? हमें पता चला है कि साईकिल वाले पूर्व चौधरी साहब फिर से पुरानी वाली पारी खेलने को हो गये हैं बिल्कुल राजी? उन्होंने यहां पर मान ली है एक प्रदेश वाले सेक्रेटी की बात? मामला प्रमोशन में जिम्मेदारी संभालने को लेकर टिका है? बाकी ये चेहरा कौन है समझ ही गये होगे आप?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# एसडीएम ने बूथों का निरीक्षण किया

## इंदिरापुरम में मतदाता सूची पुनरीक्षण में एसआईआर कार्य तेज करने के निर्देश



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** रविवार को सदर एसडीएम अरुण दीक्षित ने साहिबाबाद के विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने एसआईआर के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। इंदिरापुरम के वार्ड 81 स्थित कैंब्रिज स्कूल में बूथ नंबर 547 से 558 पर पहुंचे। एसडीम अरुण दीक्षित ने निरीक्षण के दौरान एसआईआर कार्य में लगे बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के कामकाज का जायजा लिया। उन्होंने बीएलओ को आ रही समस्याओं को दूर करने और मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने बीएलओ को घर-घर वितरित किए गए फॉर्मों को शीघ्रता से एकत्र कर जमा करने के निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद धीरज अग्रवाल ने बताया कि बीएलओ के साथ हमने आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष को भी साथ लगा रखा है। जिससे बीएलओ को फॉर्म बांटने में एकत्रित करने में कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि वार्ड में 22 बीएलओ काम कर रहे हैं वही आरडब्ल्यूए अध्यक्षों को 32 लोगों की टीम बना रखी है, जो की हर बीएलओ के साथ एक रहता है। 10 आरडब्ल्यूए अध्यक्ष बैकअप में रहते हैं, यदि किसी को काम से बाहर जाना पड़ता है तो वह तुरंत बीएलओ के साथ लग जाता है। इस बात को लेकर एसडीएम ने पार्षद धीरज अग्रवाल की तारीफ की और कहा इस तरह से सभी पार्षद यदि कार्य करेंगे तो जल्दी ही एसआईआर पर काम होगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से मंडल मंत्री नूपुर अग्रवाल, पार्षद प्रतिनिधि प्रयास सक्सेना, सोशल मीडिया संयोजक धीरज शर्मा आदि लोगों मौजूद रहे।

# जीडीए उपाध्यक्ष नन्द किशोर कलाल ने किया मधुबन बापूधाम योजना का स्थल निरीक्षण, विकास कार्यों की रफ्तार और गुणवत्ता पर दिये निर्देश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल द्वारा आज मधुबन बापूधाम योजना का विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।



### निरीक्षण के दौरान जीडीए वीसी ने दिए प्रमुख निर्देश –

**पीएमएवाईआवास निर्माण :** प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत निर्मित 856 भवनों के निरीक्षण में सभी विकास कार्य पूर्ण पाए गए। उपाध्यक्ष महोदय ने चयनित आवंटियों के पक्ष में रजिस्ट्री की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

**ईडब्लूएस/एलआईजी और काशीराम आवास भवन :** पूर्व से निर्मित भवनों तथा पार्कों और आंतरिक मार्गों की स्थिति के दृष्टिगत व्यापक अनुरक्षण कार्य किए जाने के निर्देश दिए गए।

**2-बीएचके अफोर्डेबल हाउसिंग एवं नई सेक्टर योजना :** 2-बीएचके अफोर्डेबल हाउसिंग भवनों का सक्रिय प्रचार-प्रसार कर विक्रय बढ़ाए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही योजना क्षेत्र में उपलब्ध रिक्त भूमि पर व्यावसायिक + आवासीय सेक्टर विकसित करने का निर्देश दिया गया।

**बुनकर मार्ट (कन्वेंशन सेंटर) की प्रगति :** उपाध्यक्ष ने निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्धारित समयावधि के भीतर कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त बुनकर मार्ट परिसर के आस-पास स्थित मार्गों पर उच्चस्तरीय हरित विकास व चौराहे का सौंदर्यीकरण कराने के भी निर्देश दिए गए।

**प्राधिकरण की नवीन कार्यालय बिल्डिंग :** स्थल निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष महोदय ने ग्रैप-4 के सभी मानकों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने, तथा पानी का नियमित छिड़काव जारी रखने के निर्देश दिए।

**अंतरराष्ट्रीय स्तर का गोलचक्कर :** योजना में स्थित राउंड अबाउट को अंतरराष्ट्रीय स्तर का गोलचक्कर विकसित करने के निर्देश दिए गए, जिसमें स्थानीय नागरिकों हेतु सुविधाएँ, बच्चों के लिए मनोरंजन कोर एवं विकसित भारत थीम के अनुरूप सौंदर्यीकरण शामिल होगा।

**45 मीटर मास्टर प्लान रोड :** ग्रैप अवधि समाप्त होते ही प्राथमिकता पर सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश प्रदान किए गए।

निरीक्षण के दौरान योजना के विभिन्न प्रगतिमान कार्यों का भी अवलोकन किया गया। उपाध्यक्ष ने स्पष्ट निर्देश दिए कि योजना के सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किए जाएं। किसी भी एजेंसी द्वारा लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही निर्देशित किया गया कि योजनांतर्गत पार्कों का विकास उच्च स्तर पर किया जाए, जिसमें बेंच, वॉकिंग पाथ और लाइटिंग की संपूर्ण व्यवस्था हो। सेंट्रल वर्ज, हरित पट्टी और साइड वर्ज में स्थित वृक्षों की कटाई-छंटाई, रेलिंग की रंगाई तथा सौंदर्यीकरण कार्य नियमित रूप से किए जाएं। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण निरंतर प्रतिबद्ध है कि मधुबन बापूधाम को एक आधुनिक, सुरक्षित, सुविकसित एवं उत्कृष्ट आवासीय क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाए।




# वार्ड 37 में एसआईआर अभियान: एसडीएम अरुण दीक्षित पहुंचे फॉर्म भरवाने में की सीधी मदद

## पूर्व डिप्टी मेयर सरदार सिंह भाटी और पार्षद रवि भाटी के नेतृत्व में बीएलओ व क्षेत्रवासियों ने मिलकर पूरा किया कार्य



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे मतदाता गहन पुनःनिरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत रविवार को एसडीएम अरुण दीक्षित वार्ड 37 शालीमार गार्डन पहुंचे। पूर्व डिप्टी मेयर सरदार सिंह भाटी और वार्ड 37 पार्षद रवि भाटी ने सभी बीएलओ को गौरी शंकर पार्क, शालीमार गार्डन मैन में एकत्रित कर क्षेत्रवासियों के फॉर्म भरवाए व तय प्रक्रिया के अनुसार जमा करवाए।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम अरुण दीक्षित ने मतदाताओं और बीएलओ को फॉर्म भरने में आ रही समस्याओं को मौके पर ही सुना और उनके समाधान भी कराए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी एलिजिबल मतदाता का फॉर्म लंबित न रहे। पार्षद रवि भाटी ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि एसआईआर अभियान में अपने फॉर्म शीघ्र भरकर जमा करवाएं, जिससे सही और अद्यतन मतदाता सूची तैयार की जा सके।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।